# आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में जनता की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र सवांददाता

**खरौंधी :** प्रखंड के सूंडी पंचायत में बुधवार को पंचायत भवन परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में सूंडी पंचायत के ग्रामीण विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन लेकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। जिसमे विभिन्न योजनाओं के लिए 1119 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें ऑन द स्पॉट 10 गरीब, असहाय, बुजुर्ग, लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जबकि 31 मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड दिया गया. इसके अलावा पेंशन के लिए10 आवेदकों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, पांच लोगों के बीच बिरसा सिंचाई कूप का स्वीकृति प्रमाण पत्र, इसके अलावा सूंडी पंचायत के 850 लोंगो ने अबुआ आवास के लिए अपना आवेदन दिया। इसमें आँन द स्पाँट योग्य लाभूकों योजना का लाभ देकर निष्पादन किया गया. सूंडी पंचायत के ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना, कौशल प्रशिक्षण योजना, केसीसी ऋण आदि योजनाओं में अपना आवेदन दिया है। इस मौके पर बिडिओ रविंद्र कुमार ने बताया झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वैसे लोग जो सरकारी योजनाओं के अनुरुप योग्य लाभुक है. उनका ऑन द स्पॉट आवेदन की जांचोपरांत स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा आवास, राशन, पेंशन के अलावा अन्य योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया गया है. इधर सीओ सुनील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सूंडी पंचायत के सैकड़ो लोग कार्यक्रम मे उपस्थित थे. उनके द्वारा कई योजनाओं को लेकर आवेदन दिया गया है.जिसमें लगभग लोगों का निष्पादन भी किया गया है. जबकि अन्य आवेदनों की जांच कर उसे पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि जो लोग कार्यक्रम में आने से वंचित रह गए हैं। वे पंचायत भवन में अपना आवेदन दे सकते हैं। इधर प्रमुख आभा रानी ने कहा कि लोगों को योजनाओं के बारे मे विस्तृत रुप से बताया गया. जिसमें सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास, कौशल प्रशिक्षण योजना, ए-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, सावित्रीबाई फुले योजना में योग्य लाभुक अपना आवेदन देकर कर इसका लाभ ले सकते हैं. उन्होंने कहा कि खरौंधी प्रखंड के हजारों मजदूर बाहर जाकर काम कर रहे हैं. उन्हें ई - श्रम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर लेना चाहिए. जिससे बाहर में किसी प्रकार का घटना दुर्घटना होने के बाद सरकार के द्वारा सहयोग मिल सके. इसके अलावा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के तहत टेक्निकल प्रशिक्षण लेने की अपील की है। इधर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण लोगों की भारी उत्साह देखा गया। इसमें लोगों को सरकारी लाभ दिलाने में समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों को सहयोग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के द्वारा इससे पहले भी दो बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लगाया गया. जिसमें बड़े पैमाने पर पेंशन, राशन के योग्य लाभुक का चयन किया गया।

# हाइवा ट्रक और बाइक की टक्कर, चालक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कउवाखोह के समीप एनएच 139 पर गुरुवार को हाइवा ट्रक और बाइक की टक्कर हो गयी जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया, मृतक बाइक चालक की पहचान प्रिंस पांडेय 26 वर्ष पिता विजय पांडेय तथा घायल की पहचान लवकुश पांडेय 30 वर्ष पिता सुनील पांडेय के रूप में हुयी है। दोनों पाटन थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के रहने वाले है, जिनका आपस में साढ़ू का रिश्ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक से बिहार के अम्बा, चिल्की गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी उक्त स्थान पर हाईवा से बाइक की टक्कर हो गयी. जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक प्रिंस पांडेय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि चालक हेलमेट भी पहने हुए था। घटना की सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा साथ ही सड़क पर आवागमन सुचारू किया। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल हाईवा को जब्त कर लिया गया है।

## लगातार हो रही बारिश से फसल का हो रहा है नुकसान



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार हो रहे चक्रवर्ती बारिस के कारण धान की फसल को भारी नुकसान हुई है किसानों ने लगाई है सरकार से मुआवजे की गुहार... खेत में पानी भरने से कटी हुई धान की फसल खराब होने के कगार पर है वहीं बारिश से खेत में काटी गई धान की बोलियों में अंकुर होने लगा है तथा सड़ने की संभावना बढ़ गई है इससे किसानों में चिंता की लकीरें बढ़ गई है किसान खासे परेशान है ग्राम पंचायत बैरांव के किसान रामराज मेहता ने कहा है कि खेतों में लगाए गए धान की फसल को कटनी करवाई जा रही थी कि अचानक दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने धान की फसल को बर्बाद कर दिया है इससे इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के फसल बर्बाद होने की कगार पर है इन्होंने राज्य सरकार से मांग किया है कि किसानों की बर्बाद हुए धान की फसल की क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाए जिससे किसान अपने एवम् अपने बाल बच्चों का जीवको पार्जन कर सकें।

## रंका प्रखंड के कटरा पंचायत के जंगल चरने गयीं सात बकरियों की वज्रपात से हुई मौत



**रंका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कटरा पंचायत के जंगल चरने गए गए सात बकरियों की वज़पआत से हुई मौत। बकरी पलक हुआ काफी परेशान। इस संबंध में गांव के ग्रामीण मानिकचंद विश्वकर्मा ने बतलाया कि यह बकरी बासमती कुंवर स्वर्गीय तेजू सिंह का है काफी गरीब यह महिला है यह बकरी चराने जंगल में गई हुई थी जो जो अचानक वर्षा के साथ वज़पात हुई जिससे सात बकरियां की मौत हो गई उन्होंने बताया कि अपना जीवन बसर इसी बकरी पालन कर करती थी तीन बकरियां को जंगल से किसी पक़ार घर लाई है और चार बकरियां मृत जंगल में ही है बकरी पालक गरीब बेसहारा महिला बकरी के वज़पात से मर जाने से काफी चिंतित एवं परेशान है अगर महिला को इसकी मुआवजा नहीं मिली तो महिला काफी चिंतित एवं दुखी है इसलिए गांव के ग्रामीण इसे ग़रीब बेसहारा महिला को सहयोग में लगे हुए हैं।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बुधवार को प्राप्त हुए 1002 आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के हुलहुला पंचायत में बुधवार को पंचायत भवन परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में पंचायत के ग्रामीण विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन लेकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। जिसमे विभिन्न योजनाओं के लिए 1002 आवेदन प्राप्त किया गया. जिसमें ऑन द स्पॉट 232 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया।जब कि 770 आवेदन लंबित है। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 725, आयुष्मान कार्ड के लिए 1, 15वे वित्त 7,मनरेगा के नए कार्य 9, नया जॉब कार्ड के लिये 102, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 23,धोती साड़ी व लुंगी वितरण 21, कंबल वितरण 12, सर्वजन पेंशन 23, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 2, आधार पंजीकरण 1, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 3, श्रम पोर्टल नया पंजीकरण 6, कल्याण विभाग 1, स्वास्थ्य जांच 40,आजीविका मिशन18, शिक्षा विभाग के 6 आवेदन सहित कुल 1002 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर उपस्थित बिडिओ विकास कुमार सिंह ने बताया झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वैसे लोग जो सरकारी योजनाओं के अनुरुप योग्य लाभुक है. उनका ऑन द स्पॉट आवेदन की जांचोपरांत स्वीकृति कर दिया गया है. इसके अलावा आवास, राशन, पेंशन के अलावा अन्य योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया गया है. कुछ का निष्पादन कर दिया गया है। जबकि अन्य आवेदनों की जांच कर उसे पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## मोहम्मदगंज की चार सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

# 15 करोड़ से बनेगी मोहम्मदगंज की चार सड़कें जल्द निकाली जाएगी निविदा : कमलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, (पलामू) :** हुसैनाबाद की चीर प्रतीक्षित हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक पथ के अलावा मोहम्मदगंज प्रखंड की अन्य तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 20 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है उसमे हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बटउवा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बरदंडा स्कूल भाया कावलपुरा करारिया गोराडीह रोड तक व बीटी रोड भली से मोहम्मदगंज पथ वाया बेगमपुरा तक पथ शामिल है। श्री सिंह ने कहा कि स्वीकृत सभी सड़को की शीघ्र निविदा निकलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च आयेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग विकास को लेकर सवाल उठाने का काम करते हैं, उन्हे पीछे के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का भी आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं कोई समस्या है तो क्षेत्र का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दें। उसका समाधान सम्मान के साथ किया जाएगा।

## राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर झारखंड प्रदेश की उप राजधानी पलामू प्रमंडल को बनाने की मांग



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत अध्यक्ष सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजया लक्ष्मी देवी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया को पत्र प्रेषित कर झारखंड प्रदेश अंतर्गत पलामू प्रमंडल को विकसित करने तथा झारखंड प्रदेश की उपराजधानी बनाने की मांग किया है। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल में बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। यहां के नौजवान अन्य प्रदेशों में रोजगार ढूढ़ने जाते हैं। मजदूरों का पलायन जारी हैं। आये दिन दूसरे प्रदेशों में रोजी रोटी की तलाश में गये मजदूरों के मौत की खबर आती रहती है। वे मजदूर सरकारी लाभ से भी वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा है कि पलामू प्रमंडल को विकसित करने की असीम सम्भावनाएं हैं। चूनापत्थर, डोलोमाइट, आधारित फैक्ट्री, प्रत्येक विधानसभा स्तर पर उद्योग लगाकर नौजवानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है.ऐसा होने से पलामू ही नही बल्कि राज्य का भी उद्धार होगा। पलामू प्रमंडल आकांक्षी प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा है कि यह उग्रवाद प्रभावित जोन में होने के कारण उपेक्षित रहा है। आज भी कई गांवों में पुल पुलिया का निर्माण नही हो सका है, जिसके कारण विकास की किरणें वहां तक नही पहुंच पाई है।

# बोलेरो और बाइक की भिड़ंत में दो गंभीर, एक रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी-धुरकी मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के करीब अखिलेश यादव के घर के पास बोलेरो व मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के कटहर कला गांव के टोला गदकवा निवासी भोला उरांव के 26 वर्षीय पुत्र गोविन्द उरांव व बिनोद चौधरी के 24 वर्षीय पुत्र रवि चौधरी गंभीर रूप से घायल है। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद एक घायल कि गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है। जबकि बोलेरो चालक गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा। बोलेरो रमना थाना क्षेत्र के गरदा गांव निवासी राजेश बैठा का बताया जा रहा है। मौके पर पहुंके धुरकी थाना पुलिस ने बोलेरो व मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है।

## कपड़ा बैंक, सत्तू बैंक सहित गरीबों के लिए अन्य बैंक के संचालक शौकत खान है मसीहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा/बंशीधर नगर :** इन दिनों जिले में दो दिनों के बरसात के बाद कंपकंपाती ठंड की बरसती रात में शौकत ख़ान हाथों में कम्बल और झोले में खाने के सामाग्री लेकर अपने परिवार के छोटे-छोटे मासूम बच्चों के साथ गरीबो की सेवा के लिए निकल जाते है। भूखे गरीब, ठंड से ठिठुरते रिक्शा चालक सहित उनलोगों के मदद के लिए निकल पड़ते है, जिन्हें सचमुच मदद की आवश्यकता होती है। जात-पात और धर्म से ऊपर उठ कर मानवता कि मशाल जलाये पूरे गढ़वा शहर में ठंड से गरीबो की जान बचाने,भूखो को खाना खिलाने के लिए खाने की सामग्री और कम्बल लेकर झुग्गी झोपड़ी में जीवन यापन करने वाले रात में ट्रेन बस में सफर करने वाले जरुरतमंद लोगों को खोजकर कम्बल उपलब्ध कराते, भोजन कराते कहीं भी दिख जाते हैं। शौकत ख़ान तभी तो आम हो या खास सभी लोग गरीबों की मसीहा के रूप में उन्हें जानते है। इसी लिए शौकत ख़ान को और इनकी ऐतिहासिक और अद्भुत सेवा कार्यो को सभी सलाम करते हैं। शौकत ख़ान के अनोखे सेवा कार्यों और जज्बे कि सभी सराहना करते हैं। क्योंकि 365 वों दिन शौकत ख़ान और उनके बेटा-बेटी और पत्नी गरीबों की सेवा में समर्पित होकर मानवता के कार्यो में व्यस्त रहते है।

## माउंट टेरा स्कूल के चैयरमैन के द्वारा ग्राम में लगाया गया पीपल का पौधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित भंडार ग्राम मे माउंट टेरा चैयरमैन विनोद पांडे के द्वारा पीपल का वृक्ष लगाया गया उन्होंने बताया हमारे ग्राम में पीपल की वृक्ष की कमी को देखते हुए मैंने यह वृक्ष लगाने का कार्य किया है अगर औषधि रूप से देखा जाए तो यह वृक्ष पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन देने का काम करती है यह वृक्ष को पेड़ों का राजा कहा जाता है गर्मी के दिन में इस वृक्ष के नीचे विश्राम करने से शीतलता प्रदान करती है वही ठंड के दिन मे इस वृक्ष के नीचे गर्मी महसूस होती, इसी वृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी लोगों का मानना है इस वृक्ष में सभी देवताओं का वास होता है हमारे ग्राम के सभी माताए को पूजा करने में काफी कठिनाई होती थी इसी को मैंने देखे हुए पीपल का वृक्ष लगाने का कार्य किया हूं उनके साथ मौके पर समाजसेवी रमाकांत पांडे भी उपस्थित थे।

## प्रखंड में लगातार बारिश होने से किसान परेशान



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सहित पूरे राज्य में बदलते मौसम से किसान परेसान हो गए हैं, खरौंधी प्रखंड के कई किसान का धान, कुर्थि खेत में लगा हुआ है। तो कई किसान अपना धान, कुर्थि को काटकर खलिहान में रखे हुए हैं। जिससे किसानों के खेती का काफी नुकसान हो रहा है, प्रखंड में लगातार तीन दिनों से बारिश हो रही है। जिससे किसान अपने खेत में लगे खेती को अपने घर नहीं ला पा रहे हैं। इससे किसान काफी चिंतित और मायूस दिख रहे हैं, कई किसान अपने खेतों में गैंहू के बीज को बोने के लिए इंतजार भी कर रहे, इसके साथ ही प्रखंड में लगातार बारिश होने से ठंड भी बढ़ गयी है।

# विद्यालयों में मनाया गया हेल्थ एंड वेलनेस डे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (SHWP) के तहत जेसीईआरटी व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अगुवाई तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू के मार्ग दर्शन व सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से पलामू जिले के विभिन्न विद्यालयों में हेल्थ एंड वेलनेस डे मनाया गया। सी थ्री के पलामू और गढ़वा जिले के प्रभारी आकाश कुमार ने बताया की इस अवसर पर जिले के विद्यालयों के विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों द्वारा छात्रों के बीच लैंगिक समानता तथा हिंसा और चोट से सुरक्षा विषयों पर जागरूकता कक्षा का आयोजन किया गया।वर्तमान परिवेश में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ बडे पैमाने पर घर और समाज में जेंडर आधारित हिंसा घटित हो रहीं है।विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी इससे अछूता नहीं हैं।इस विषय पर उंटारी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय आरोग्य दूतों ने घरेलु हिंसा, मानसिक हिंसा और यौन हिंसा, के विभिन्न स्वरूपों से छात्र एवम छात्राओं को अवगत कराया।गांधी +2 हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक बृहस्पति चौबे के नेतृत्व में विद्यालय के अरोग्य दूत मुकेश शर्मा तथा अनिल कुमार ने वीडियो के माध्यम से बच्चों के बीच परिचर्चाएं की कराया तथा इनसे बचने के गुर सिखाए। वही राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवगढ़ में राज्य साधनसेवी राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में विद्यालय के स्वास्थ्य अरोग्य दूत ममता कुमारी ने लैंगिक हिंसा और लैंगिक समानता विषयों पर छात्र और छात्राओं को जागरूक कर, स्वावलंबी एवं सशक्त बनने की सिख दी। एसआरपी राजेश कुमार मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की सेक्स एक जैविक प्रकिया है जिसे हम अपने साथ लेकर पैदा होते हैं और इसे आसानी से बदला नही जा सकता जबकि जेंडर एक सामाजिक प्रक्रिया है जो रूढ़िवादिता के आधार पर समाज द्वारा हम पर थोपा गया है।राजेश ने बच्चों को बताया की जेंडर स्थान और काल खंडों के आधार पर बदले रहता है। राजेश ने जेंडर आधारित रूढ़िवादिता से ऊपर उठते हुए बच्चों को समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह एसएचडब्लूपी के प्रबंधक कृष्णा राम, विद्यालय के अरोग्य मैसेंजर सीमा कुमारी, रौशन कुमार, प्रीति कुमारी और राजलक्ष्मी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।


## बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत सचिवालय भवन में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन संबंधित मुखिया ललिता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। गौरतलब हो की दो दिनों से लगातार बे-मौसम हलकी बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के पंडा नदी इलाके में कनकनी के साथ ठंड बढ़ गई है। और दिनभर छाए बादल एवं रिमझिम बारिश से लोगों का घर से बाहर निकलना दुर्लभ सा हो गया है। हालांकि खराब मौसम के बाद भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों का एक अलग रुझान देखने को मिला लोग अपने समस्या और योजना को लेकर बारिश व ठंड से बच-बचाव कर क्षेत्र के ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां पंचायत सचिवालय पूरा तरीका से उपस्थित ग्रामीणों को लेकर भर चुका था। लोगों को आवागमन करने एवं समस्या को निदान कराने में हल्की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में पहुंचे विभिन्न विभाग के कर्मियों द्वारा की जा रही कार्यो का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान वन सुरक्षा, बैंकिंग, विद्युत सहित कई विभाग के कर्मी अनुपस्थित रहे। बीडीओ ने कैंप में पहुंचे सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न कई नई योजनाएं आई है। जिसमे अबुआ आवास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में आवास 1065, पेंशन 75, पशुधन योजना 124, सावित्रीबाई फुले 52, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड 1, का आवेदन प्राप्त हुआ साथी दिव्यांग को एक व्हीलचेयर एवं ट्राई साइकिल दिया गया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में ऑन स्पॉट 6089 आवेदन का हुआ निष्पादन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में अबतक जिले के पंचायतों में शिविर लगाया गया है.इन शिविरों में अबतक कुल 1,28,202 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 6089 ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शिविर में किसी लाभुक को कंबल, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति, किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया.इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर उत्साहपूर्वक लोग आवेदन करते नज़र आये वहीं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने हेतु कई स्टूडेंट्स द्वारा आवेदन किया जा रहा है जिसका स्टॉल पर ऑनलाइन एंट्री भी किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**आगे बढ़ता उत्तराखण्ड**

**सुरक्षा, समृद्धि और सुअवसरों की भूमि**

DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
8th - 9th December | Dehradun
Peace To Prosperity


# उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023

का

# शुभारंभ



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

**के कर-कमलों द्वारा**

गरिमामयी उपस्थिति

**पुष्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**दिनांक: 8 दिसम्बर, 2023**

**समय: प्रातः 9 बजे | स्थान: FRI, देहरादून**



उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत ₹3 लाख करोड़ से अधिक के समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित।

5,000 से अधिक व्यवसाय प्रतिनिधि एवं विभिन्न देशों के राजदूत करेंगे प्रतिभाग।

₹44,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह।

प्रदेश के सभी क्षेत्रों में 27 से अधिक निवेशक-अनुकूल नीतियां लागू। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन, सब्सिडी और अनुकूल व्यावसायिक वातावरण के जरिए राज्य के निवेश में बढ़ावा।

पंजीकरण करने के लिए यूआरएल पर जाएं www.destinationuttarakhand.co.in/investorsummit/visitors/visitor-register

या क्यूआर कोड स्कैन करें

/ukgis2023

टोल फ्री नं० 1800-309-7225

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण DD News पर देखें।

R02023120721223

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शुक्रवार, 08 दिसंबर 2023 | पेज 4


## आपकी सरकार-आपके द्वार, कार्यक्रम में शामिल हुए जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के तहत कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार मे रांची जिला के सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हाकेदाग पंचायत सचिवालय में उपस्थित हुए झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने औचक निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों को हेमंत सरकार की लोक कल्याणकारी योजना के बारे बताएं ओर लाभ उठाने के लिए उत्साहित किया।मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष -संतोष साहु, अनिल बेदिया, संयुक्त सचिव - अजीत कुमार महतो, संगठन सचिव- द्वारिका महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि- लखीचरण बेदिया, आंदोलनकारी- परमेश्वर बेदिया , फलाहारी महतो, बंसी कोइरी एवं झामुमो हाकेदाग पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

## सुदेश के पहल पर विधानसभा छेत्र के चौक चौराहे होंगे रोशन, लगेंगे हाईमास्ट सोलर लाइट



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा क्षेत्र के चोक चौराहों पर हाईमास्ट सोलर लाइटें लगाने की कवायद शुरू कर दी है। इसको लेकर विधायक ने ज्रेडा को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने बताया कि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की पहल पर ज्रेडा की ओर से हाई मास्ट सोलर लाइट लगाई जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि सिल्ली प्रखंड के कई चोक चौराहों पर लाईट लगाया गया है जल्द ही सिल्ली समेत विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातु, राहे एवं अनगड़ा प्रखंड के चिन्हित चौक चौराहे हाईमास्ट सोलर लाइट की रोशनी से रोशन होंगी। इससे लोगों को चौक चौराहों पर अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। ये चौक चौराहे होंगे हाईमास्ट सोलर लाइट से रोशन सिल्ली समेत विधानसभा क्षेत्र के सोनाहातु, राहें एवं अनगड़ा प्रखंड के कई चौक चौराहों पर विधायक के पहल पर ज्येष्ठा द्वारा हाईमास्ट सोलर लाइट लगेंगे। जिसमें सिल्ली प्रखंड के साहेदा चौक, गोड़ाडीह बाजार चौक, लोटा मंदिर चौक, लगाम, बाजार टांड़ बड़ामुरी, बाजार टांड़ छोटामुरी, नागेडीह पंचायत भवन चौक, आड़ाल नवाडीह चौक( मंदिर) सोनाहातु प्रखंड के सतीघाट चौक, बाड़ेडीह चौक, चोकाहातु चौक, दुलमी चौक, सोनाहातु बाजार चौक, जाड़ेया चौक, नरसिंग लवाडीह हेंसाडीह(पंचायत भवन के पास), लांदुपडीह अनगड़ा प्रखंड के सिंगारी बाजार चौक( पार्टी पंचायत) , राहें प्रखंड के बालु चौक, बी नवाडीह चौक, बसंतपुर मंदिर चौक, निलामंबर पितामंबर चौक कोकरोडीह शामिल हैं।

## गूंज महोत्सव को लेकर बैठक आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम परिसर मे गूंज महोत्सव को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक आज रखी गई है। इस बैठक के मुख्य अतिथि आजसु पार्टी सुप्रीमों पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह सिल्ली के लोकप्रिय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेगें। इस बैठक मे प्रखंड समिति के सभी, पदाधिकारी, पंचायत कमेटी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, बुद्धिजीवी, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया, पूर्व उप मुखिया, महिला ग्राम संगठन, चूल्हा प्रमुख एवं सभी खेल प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य है।

## बचरा दक्षिणी पचांयत सचिवालय में विशेष शिविर आज

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय मे आज विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर मे 18 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के लोगों का मतदाता सूचि मे नया नाम जोड़ने एवं सुधारने का काम किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिविर में पंचायत के सभी बूथों के बीएलओ मौजूद रहेंगे।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से इस शिविर में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल में नेत्र शल्य कक्ष का उद्घाटन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त,खूंटी लोकेश मिश्रा द्वारा सदर अस्पताल,खूंटी परिसर में नेत्र विभाग के आपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया गया। 10 बेड वाले नेत्र विभाग में नेत्र रोगियों की जांच कर इलाज किया जाएगा। यहां मरीजों का विस्तारित नेत्र परीक्षण किया जाएगा। साथ ही शल्य-चिकित्सा किया जाएगा। सदर अस्पताल खूँटी की नेत्र विषेशज्ञ डा सियोन केरकेट्टा द्वारा बताया गया कि विभिन्न प्रकार के आँख से संबंधित ऑपरेशन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुचारू रूप से किया जाएगा। साथ ही Pterygium, Chalazion एवं अन्य ऑपरेशन भी किये जाएंगे। उद्घाटन समारोह में सिविल सर्जन, खूँटी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी, जिला कार्यकम पदाधिकारी,खूँटी, अस्पताल प्रबंधक, खूँटी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहाड़ टोली सामुदायिक भवन में मूलभूत सुविधाओं को लेकर विशेष बैठक का आयोजन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पहाड़ टोली मैदान में सामुदायिक भवन में गुरूवार को जीर्णोद्वार एवं मुलभूत सुविधाओं को बहाल करने हेतू विशेष बैठक का आयोजन समाजसेवी केडी गुरू कि नेतृत्व में किया गया है. बैठक पर विशेष रूप से पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बंधु तिर्की उपस्थित हुए. बैठक में बंधु तिर्की ने कहा की ग्राम सभा विकास की पहली सीढ़ी है जिससे विकास संभव है जिसमें ग्रामीणों ने पहाड़ टोली से डुफू गांव जाने वाला मुख्य मार्ग में विगत छह माह से पुल टूटा हुआ है, नौ एकड़ खेल मैदान कि जीर्णोद्वार, खेल मैदान स्थित ड्रेसिंग भवन का जीर्णोद्वार, डीप बोरिंग व जल मीनार कि सुविधा, 1000 मीटर पाट खण्डा शिव लिंग स्थित जलमीनार, 1000 मीटर पूजा स्थल जाने का मार्ग का जीर्णोद्वार, एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना, पाट पहाड़ के उपर पुजा स्थल पर जलमीनार का निर्माण कराने, बेड़ो कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यातायत सुविधा के लिए सरकारी बस सुविधा जैसे मुलभूत सुविधाओं को बहाल कराने हेतू प्रस्ताव रखा गया।


### कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक–413दिनांक 24.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/RAMGARH F2-01/2023-24, Date:- 24/11/2023को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी०आर० नम्बर–311960 Minor Irrigation (2023-24)D वर्ष 2023–24 है एवं वेबसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | योजना का नाम | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Betulkalan, Block-Gola, District-Ramgarh | Date of Opening of e-tender का दिनांक 22.12.2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांक 23.12.2023 (02:00 PM)पढा जाय। |

नोट–निविदा की शेष सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.312956 Minor Irrigation(23-24):D


# बेमौसम बारिश ने बिगाड़ी पिपरवार कोयलांचल की सूरत

### 72 घंटो से हो रही बारिश ने बढ़ाया ठंड का प्रकोप, घरो में कैद हुए लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे हो रही बेमौसम बारिश ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सूरत बिगाड़ कर रख दी है।पिछ्ले 72 घंटो से पुरे इलाके मे मूसलाधार बारिश हो रही है,जिसके कारण कोयलांचल क्षेत्र का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।हल्की बारिश और हवाओ से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है।चक्रवात मिचौंग का असर कोयलांचल क्षेत्र मे देखी जा रही है।जानकारी के अनुसार पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तीन दिनों से रूक-रूककर मूसलाधार बारिश हो रही है।बारिश के साथ चल रही ठंडी हवा के कारण ठिठुरन बढ़ गयी है।ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग अपने घरों में कैद हो गया है।इधर बारिश और हवाओ के कारण ग्रामीण इलाकों सहित आवासीय कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति घंटो बाधित रही,जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हुई।खराब मौसम के बीच कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों की



रौनक फीकी हो गई है।बाजारो मे दिन भर सन्नाटा पसरा रहा।बारिश के कारण स्कूली बच्चों के अलावे दैनिक मजदूरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के सड़कों की सूरत बिगड़ गई है।सड़कों पर जल जमाव और कीचड़ों का अंबार देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।बेमौसम बारिश का व्यवसाय पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है।

## एक दिवसीय हड़बोड़ी जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** न्यू स्टूडेंट क्लब कुल्ही द्वारा बुधवार को 111वां ऐतिहासिक हड़बोड़ी जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो का पारंपरिक रूप से जतरा समिति ने पुष्प माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद रीना देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति से ग्रामीणों को झूमने पर मजबुर कर दिया। जतरा में दर्जनों गांव के खोड़हा दल शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने जतरा को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों का सामूहिक दायित्व है कि पूर्वजों की इस सास्कृतिक धरोहर को बचाकर रखें। हड़बोड़ी जतरा हम अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूरे विधिविधान से पहान,पुजारी के द्वारा की जाती हैं। जतरा में झारखंड की सभ्यता झलकती है। वास्तव में कहा जाए तो हड़बोड़ी जतरा एक सांस्कृतिक आयोजन जैसा है, जिसमें विभिन्न गांवों के लोग अपने अपने खोड़हा दल के साथ शामिल होते हैं. खोड़हा अपने-अपने गांव के सांस्कृतिक दल की तरह होते हैं. पारंपरिक लाठी डंडा और पताका लेकर जतरा में भाग



लेते है. हड़बोड़ी जतरा में खोड़हा दलों की शोभायात्रा आकर्षक होती है. वास्तव में जतरा जैसे आयोजन आदिवासी समाज की संस्कृति के अहम अंग हैं. जतरा में आदिवासियों की सामाजिक सांस्कृतिक पहचान की प्रस्तुति होती है और आदिवासियों की पारंपरिक रीति रिवाज एवं प्रथा प्रचलन की अभिव्यक्ति होती है. जतरा आदिवासियों की परंपरा और विरासत का वाहक भी है. वहीं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद रीना देवी ने कहा कि हमें अपनी विरासत व संस्कृति पर गौरव होना चाहिए. हमारे पूर्वजों ने इसे सहेज कर रखा है. हमें भी इसे सहेज कर रखना चाहिए,ताकि आने वाली पीढ़ी को हम संदेश दे सकें. मौके पर सन्नी टोप्पो ने यह भी कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र जब से झारखंड अलग हुआ है। अलग इसलिए हुआ कि यहां के आदिवासीयों का विकास हो। आदिवासी आगे बढ़ सकें लेकिन मांडर विधानसभा का

## झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष ने दिलाया न्याय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** टाटीसिलवे थाना अंतर्गत सीधा टोली रोड स्थित श्ष्टक्क नामक नास्ता ब्रेड फैक्ट्री में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत मजदूर तमाड़ निवासी तारकेश्वर महतो का आकस्मिक मृत्यु के बाद स्थायी नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर आज दिनांक 6/12/2023 दिन बुधवार को झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिती रांची के केन्द्रीय सक्रिय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो, सुमित कुमार महतो, फलिन्द्र करमाली,दमयंती मुंडा के नेतृत्व में ई0 सी0 पी0 एल0 नाश्ता फैक्ट्री का घेराव किया गया। मौके पर क्रांतिकारी देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि ईसीएल नाश्ता फैक्ट्री में कार्यरत तारकेश्वर महतो का ड्युटी के दौरान आकस्मिक मृत्यु का खबर परिजन के माध्यम से मिलते ही जेबीकेएसएस रांची टीम फैक्ट्री का घेराव किया तथा परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे। फैक्ट्री अधिकारी और आंदोलनकारी के बीच लगभग पांच घंटा बहसा बहसी करने के पश्चात् टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली की उपस्थिति में आंदोलनकारी का मांग आश्रित परिवार के एक सदस्य को तत्काल स्थायी नौकरी तथा सात लाख रुपया मुआवजा का मांग पूरा होने का लिखित समझौता के बाद आंदोलन स्थगित किया गया। फैक्ट्री एचआर मिथलेश सिंह के माध्यम से पचास हजार रुपए नकद राशि दिया गया तथा आगामी 20दिसंबर 2023 तक बकाया साढ़े छौ लाख रुपया देने का लिखित आश्वासन दिया गया।

## जरूरतमंदों तक विकास योजनाएं पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : सीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के महादानी मैदान प्रांगण में गुरूवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खराब मौसम के बावजूद आवेदन जमा करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंदों तक पहुंचना है। सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों के तहत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिन योजनाओं का लाभ इस शिविर में आए हुए ग्रामीण अपनी आवश्यकता के अनुसार ले सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने सरकार के कई महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उरांव, जेएमएम के मुन्ना बड़ाइक, पंचायत की मुखिया सुशांति भगत ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदन को निष्पादित करते हुए लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र व परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, सीआई भिखम कुमार, पंचस विजय भगत, उप मुखिया संतोष दास, पशुपालन पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी वासुदेव बड़ाइक सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि व सभी विभाग के कर्मी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पिपरवार के कल्याणपूर में हुई तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में गुरुवार को तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ताज ने किया।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।समाज में फैले कुरुतियो को दुर करने जैसे शादी विवाह में कम खर्च करने, दहेज प्रथा पर रोक लगाने, नशाखोरी पर रोक लगाने, गरीब और अनाथ बच्चो को शिक्षा से जोड़ने,दीनी एवं बुनियादी तालीम दिलाने सहित कई सामाजिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक मे 19 दिसंबर को चतरा के हंटरगंज में तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने एवं पिपरवार क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या मे लोगो के शामिल होने का निर्णय लिया गया।साथ ही 10 दिसंबर को टंडवा के कामता में होने वाले तैयारी समीक्षा बैठक मे शामिल होने की बात कही गई।जिसमें टंडवा प्रखंड के सभी अंजुमन के सदर एंव सेक्रेटरी से शामिल होने की अपील की गई। बैठक में मोहम्मद सुभान, इस्लाम अंसारी, एजाजुल अंसारी, जियाउल अंसारी, आशिक अली, इदरीस अंसारी, शकील अंसारी, नईम अंसारी, लियाकत अंसारी, अब्दुल कयूम अंसारी, असलम अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इन्क्लूसिविटी पर कई कार्यक्रम

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने बाल विकास और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, दीपशिखा के छात्रों के साथ एक इनडोर टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह एक मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम था, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर 'हर्डल रेस, क्रॉलिंग द सर्कल, नम्बर गेम, अम्ब्रेला एवं क्रिकेट जैसे खेल खेला। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी, टाटा स्टील के एचओडी, स्पोर्ट्स और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हरभजन सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में अरुण दत्ता, टाटा स्टील के टेनिस कोच और अन्य एथलीट अधिकारी भी उपस्थित थे।इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक पर एक ऑरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त क्वालिफाइड साइक्लिंग कोच श्री सतबीर सिंह सहोता उपस्थित थे। इन्होंने राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में 5 बार हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने छात्रों को बौद्धिक विकलांगता वाले लोगों के संबंध में जागरुक किया।


### कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची (अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/22/2023-24 PR.No- 308182

| S.No | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repair & Painting work of Lobby & Rooms of 100 Beded Hostel, South Campus. | 99,98,000.00 | 1,99,960.00 | 10,000.00 | 09 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।

1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 11.12.2023
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–12.12.2023 से 16.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि–18.12.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची। ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0–
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**
10. **इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची / भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।**

जिला अभियंता,
जिला परिषद,रॉंची

PR 312905 Panchayati Raj(23-24).D

### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
*(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)*
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

**TENDER NOTICE**

**Notice No. 53, Dated : 06/12/2023**

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed reputed agencies/firms/company having good experience and financial soundness of annual maintenance contract for lift (Johansson/Kone) make installed under the office of Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi.

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of AMC. |
|---|---|---|---|---|---|
| 9/PR/SAJHA /2023-24 | Comprehensive Annual Maintenance Contract for 06 Nos. Lifts (Johansson /Kone) installed under the Sports Authority of Jharkhand. | As per Rate Quoted | 45,000/- | 5,000/- | 3 Years |
| Last date and time for submission of tender | | | Up to 26.12.2023 up to 05.00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | | | At 12:00 PM on 27.12.2023 | | |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | | | At 03:00 PM on 27.12.2023 | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi | | |

1. Tender documents can be purchase from the office of SAJHA from 08.12.2023 to 21.12.2023 10:00 am to 5:00 pm after depositing cost of BoQ (Non-refundable) on office working hour, in the name of **SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi** in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

**Sd./-Executive Director,**
**Sports Authority of Jharkhand**

PR312885 (Art Culture Sports and Youth Affairs)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/07/EE/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में बबलू यादव के घर के सामने से फुलवारी आहर मेंढ होते हुए जयलाल साव के घर तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 14,30,700.00 | 28700.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |
| 2 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में रामसहाय यादव के घर से आर0 ई0 ओ0 रोड (800 फीट) तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 16,11,400.00 | 32300.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 3 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में नवलसाही से नीमाडीह तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 10,35,300.00 | 20700.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |
| 4 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में आश्रम विद्यालय नागरीटो की चाहरदिवारी निर्माण। | 24,98,200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 5 | झुमरी तिलैया कॉमर्स कॉलेज करमा का चाहरदिवारी निर्माण। | 40,05,500.00 | 80200.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 6 | इण्डोर स्टेडियम कोडरमा कैम्पस में बास्केटबॉल, वॉलीवाल, Open Gym आदि निर्माण | 24,95,500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 7 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत नवाडी के ग्राम बाद में देवी मंदिर से रविदास टोला होते हुए श्मसान घाट तक पी0सी0सी0 एवं गार्डवाल निर्माण। | 40,72,100.00 | 81500.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 8 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत ईटाय के ग्राम ईटाय में सुधीर सिंह के घर से आशीष सिंह के घर तक गार्डवाल निर्माण। | 51,99,500.00 | 104000.00 | 10000.00 | 03 (तीन माह) |
| 9 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत मीरगंज के ग्राम मीरगंज में मुख्य सड़क कानी केन्द्र से कानीकेन्द्र गाँव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,61,500.00 | 115300.00 | 10000.00 | 03 (तीन माह) |
| 10 | प्रखंड डोमचॉच अन्तर्गत पंचायत बच्छेडीह में सतार मियाँ घर से लेकर मदीना पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,48,100.00 | 27000.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 26.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.12.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगें।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 312940 Rural Work Department(23-24)#D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. कार्तिक उरांव का कुड़ुक विकास परिषद ने किया मूर्ति का अनावरण



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांढ़ मोड़ पर गुरुवार को कुड़ूक विकास परिषद चांडिल अनुमंडल द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह शिक्षाविद स्वर्गीय कार्तिक उरांव का मूर्ति अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उपस्थित हुए। श्री सिंह ने स्वर्गीय उरांव के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कुड़ूक विकास परिषद के अध्यक्ष अभिराम उरांव ने कहा कि स्वर्गीय उरांव गुमला जिला के करोंदा, लीटाटोली गांव में सन 29 अक्टूबर 1924 में जन्म हुआ। उन्होंने इंजीनियरिंग का डिग्री अमेरिका, लंदन व ग्लास्को में प्राप्त किया। इंदिरा गांधी की सरकार में उन्हें उड्डयन, वन व पर्यावरण एवं पर्यटन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। मौके पर कूड़ूक विकास परिषद के उपाध्यक्ष बादल उरांव, रामेश्वर उरांव, सचिव धरम सिंह उरांव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, राजेन सिंह मुण्डा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खनन में इस्तेमाल होने वाले ट्रकों के लिए स्कैनिया इंडिया ने की पीपीएस मोटर्स के साथ भागीदारी




**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कैनिया कमर्शियल व्हीकल्स प्रा. लिमिटेड ने पीपीएस मोटर्स के साथ एक्सक्लुज़िव साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत वे भारत में स्कैनिया के माइनिंग टिप्पर्स के लिए एकमात्र प्रतिनिधि बन गए हैं। यह साझेदारी सेल्स एवं सर्विस संचालन के लिए देश भर में कवरेज को सुनिश्चित करेगी। इस संबंध में जोहान पी श्लाइटर, मैनेजिंग डायरेक्टर, स्कैनिया कमर्शियल व्हीकल्स इंडिया लिमिटेड ने कहा कि हमें विश्वास है कि अपनी आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर हम शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्यों की दिशा में भारत के प्रयासों में उल्लेखनीय योगदान दे सकेंगे। वही राजीव संघवी, मैनेजिंग डायरेक्टर, पीपीएस मोटर्स ने खुशी व्यक्त करते किहा कि हम अपने भावी एव मौजूदा उपभोक्ताओं के साथ निरंतर संपर्क में हैं ताकि उनकी ज़रूरतों को समझ कर वाहन के लाइफसाइकल के दौरान उन्हें कस्टमाइज़्ड प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज़ उपलब्ध करा सकें।

## गीता थिएटर के प्रेम व गीता ने लेप्रोसी युवा महोत्सव में बतौर रंगमंच प्रशिक्षक हुए शामिल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 25 से 28 नवम्बर रांची बरियातू के डॉन बॉस्को में सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन द्वारा चार दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजित किया गया, जिसमे गीता थिएटर की गीता कुमारी एवं प्रेम दीक्षित बतौर रंगमंच प्रशिक्षक आंमत्रित हुए। इसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल , झारखंड, बिहार के लेप्रसी कॉलोनी से युवाओं को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान वे 6 राज्यों से आए लेप्रोसी कॉलोनी के युवाओं को तीन दिनों में रंगमंच की बारीकियों के साथ-साथ एक नाटक भी तैयार करना था जिसके कारण दोनो को दो अलग-अलग दल दिया गया। जिसकी प्रस्तुति रांची पलास भवन में आयोजित युवा महोत्सव के समापन समारोह में किया गया। सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के निर्णायकों द्वारा गीता कुमारी की टीम पीला को समापन समारोह में द्वितीय श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अवार्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान सम्मानित किया गया।

## घाटशिला की बेटी की शादी के लिए भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट ने की मदद



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार मानव सेवा धर्म का पालन कर रहे भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट एवं घाटशिला अनुमंडल पत्रकार संघ ने गुरुवार को फिर घाटशिला के गरीब परिवार की बेटी की शादी के लिए अपने हाथ उठाएं। इस संबंध में अनुमंडल पत्रकार संघ के एक वरिष्ठ पत्रकार ने भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य सह भाजपा नेता मऊभंडार निवासी रवि शंकर सिंह घाटशिला प्रखंड के फूलडूंगरी निवासी एक गरीब नामाता परिवार की बेटी की शादी के लिए भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भरत सिंह ने आर्थिक सहयोग की। मदद मिलने के बाद नामाता परिवार ने भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट एवं अनुमंडल पत्रकार संघ के सदस्यों की प्रति अपनी आभार प्रकट किया।


# सर्च अभियान में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कैम्प को किया ध्वस्त, कई सामान बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों के द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कैम्प को ध्वस्त कर दिया। मौका का फायदा उठाकर सभी नक्सली भागने में कामयाब हो गए। नक्सलियों के कैंप से कई सामान सुरक्षा बलों ने बरामद किए है। बता दे की प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी उर्फ अनल उर्फ रमेश एवं असीम मंडल की सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके आलोक में मंगलवार से एक संयुक्त अभियान छोटानागरा थाना एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान बुधवार 6 को प्रतिबंधित नक्सली संगठन के उग्रवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुआ। जिसमें कई नक्सलियों की घायल होने की सूचना है। मुठभेड़ के क्रम में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। अग्रतर सर्च अभियान के दौरान छोटानागरा थाना एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में अस्थायी नक्सली कैम्प में लगभग 50 से 60 लोगो की रूकने की व्यवस्था थी, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया। साथ ही नक्सली कैम्प से दैनिक उपयोग एवं कैम्प के निर्माण में उपयोग किये जाने वाली सामग्री बरामद की गयी है। वहीं संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 को एक्सएलआरआइ के प्लैटिनिम जुबली समारोह में करेंगे शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम जुबिली समारोह का आयोजन कर रहा है. समारोह को लेकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया जा रहा है. 10 दिसंबर को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शहर आयेंगे. वे एक्सएलआरआइ जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लैटिनम जुबिली समारोह में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे. दोपहर दो बजे कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इस दौरान उनके साथ झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडिस भी मौजूद रहेंगे. एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया कि एक्सएलआरआइ 75 वर्षों से प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है. सामाजिकता को बढ़ावा देना छात्रों के बीच जागरूकता जेसुइट बिजनेस एजुकेशन की विशेषताओं में से एक है, और एक्सएलआरआई द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों को समावेशी व एथिक्स आधारित शिक्षा देने पर भरोसा करता है. आने वाले दिनों में प्लैटिनम जुबली को लेकर कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजित की जायेगी.

## जवाहर लाल माहली बने मानवाधिकार सहायता संघ के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मानवाधिकार सहायता संघ ने रपचा पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी जवाहर लाल माहली को कोल्हान का अध्यक्ष नियुक्त किया है। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष के. देवराज हेस्सा ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए संगठन के हित में कार्य करने का निर्देश दिया है। नियुक्ति पत्र में पद की गरिमा बनाए रखते हुए मानवाधिकार सहायता संघ के नियमों का पालन करने, पद अनुसार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने और संगठन की गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश भी दिया गया है।

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री से मुलाकात कर कुणाल षाड़ंगी ने बंद खदान को खोलने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने पड़े पुर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी में बंद पड़े सुरदा, चापड़ी और केंदाडीह खदानों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि कभी हिंदुस्तान कापर लिमिटेड (एचसीएल) की शान में शुमार झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला के मउभंडार स्थित इंडियन कापर काम्पलेक्स (आइसीसी) युनिट आज वीरान है। आइसीसी क्षेत्र की तमाम कापर माइंस फिलहाल बंद हो गयी है। जिसमें एकमात्र चलने वाली सुरदा माइस में भी कार्य बंद है। एचसीएल की पूर्वी सिंहभूम जिले में चापड़ी, राखा, सुरदा, केंदाडीह, पाथरगोड़ा व धोबनी माइंस है। राखा-चापड़ी खदान दोबारा शुरू करने को लेकर भूमिपूजन हो चुका है। लेकिन कार्य अभी भी अधर में पड़ा है। इसके साथ ही, एक कॉनसन्ट्रेशन प्लांट टेंडर नही होने के कारण बंद पड़ी है। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने आग्रह करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार झारखंड सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर बंद पड़े खदानों को दोबारा खोलने की दिशा में शीघ्र पहल करें। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद इन मुद्दों पर समीक्षा और अध्ययन के बाद उचित पहल का आश्वासन दिया।

## झमाझम बारिश में भी पहुंचे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के छोटासेगोई पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई और डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई, आईटीडीए निदेशक संदीप दोराईबुरु, बीडीओ साधुचरण देवगम, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह, मुखिया लुदरी हेंब्रम, मुन्ना सोय एवं पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. कार्यक्रम में विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीणों से आवेदन लिया गया और लोगों को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। कुछ समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग सतेश चंद्र देवगम, बीपीओ कुंदन बाजपेई, प्रखंड समवन्यक मनोरंजन माझी, अंचल निरीक्षक फूल कुमारी सोय, अंचल लिपिक भीम प्रसाद उपाध्याय, प्रखंड लिपिक सुबोध टुडू, सहायक अभियंता गणेश महतो, दीपनाथ मार्डी कनिय अभियंता सुमित कवि, कमल रजक गदाधर सतपति आदि उपस्थित थे।

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में विज्ञान बनाम छद्म विज्ञान पर सेमिनार आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** गुरुवार को पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में ब्रेक थ्रू साइंस सोसाइटी के तत्वावधान में एक सेमिनार आयोजित की गई। सेमिनार का विषय था विज्ञान बनाम छद्म विज्ञान। मुख्य वक्ता के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के पूर्व प्रॉक्टर, ब्रेक थ्रू सोसाइटी, झारखंड के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बोस ने बच्चों से कहा कि किसी की बात सुनकर तुरंत मान नहीं लेना चाहिए। अर्थात सुनो जानो तब मानो उन्होंने जोर देकर कहा कि व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर ज्यादातर सूचनाएं छद्म विज्ञान पर आधारित होती है। घाटशिला कॉलेज के सहायक प्रोफेसर सह सोसाइटी के महासचिव डॉ. कान्हाई बारिक ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए छद्म -विज्ञान एवं अन्धविश्वास पर भेद बताए। इससे पूर्व कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सह सोसाइटी के सदस्य डॉ. तरुण कुमार महतो ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक प्रतिनिधि गुरुपद महतो, रेखा महतो, हीरालाल महतो, सोनु कुमार भकत, रवीन्द्र नाथ रुहिदास, प्रभाष चन्द्र महतो आदि थे।

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में पटमदा-बोड़ाम के 39 विद्यार्थियों को मिली सफलता

## छात्रवृत्ति के रूप में हर साल मिलेगा 12 हजार रुपये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी किया गया। पूरे राज्य में 2854 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है। इसमें पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के 39 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। आदर्श मध्य विद्यालय, बांगुड़दा के आठ विद्यार्थियों अभिजीत मिश्रा, सुजीत कुंभकार, मोहित कुमार महतो, सूर्यकांत तिवारी, शुभम कुमार पात्र, अनूप महतो, देवब्रत महांती और सुमन गोप। आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम के विजय गोप, समीर महतो, करण गोप, चिंटू मंडल, स्नेहा गोप, अक्षय कर्मकार और इंद्रजीत महतो समेत 7 विद्यार्थी। मॉडल स्कूल पटमदा के राजकिशोर टुडू, राहुल मुर्मू, मोहन कुमार, जय सिंह व अभिजीत कुमार समेत 5 विद्यार्थी। एसबीजेएम बोड़ाम के सत्यजीत महतो, दुर्गापद महतो और अजय कुमार माहली। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोड़सा के दो चक्रधर कुंभकार व राजेश कुंभकार। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दूंदू के दो गुणधर कुंभकार व शिशिर कुंभकार। उत्क्रमित मध्य विद्यालय डांगडूंग के दो बानेश्वरी महतो व रेणुका महतो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर की भारती महतो। मध्य विद्यालय काश्मार के जीत कुमार तिवारी, मध्य विद्यालय कुमीर के रामलाल महतो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर की भूमिका मिश्रा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ाचिड़का के रूपचांद मंडल। मध्य विद्यालय चूड़दा के देव मंडल। उत्क्रमित उच्च विद्यालय पहाड़पुर के संजीव कुमार महतो। मध्य विद्यालय माधवपुर की वर्षा महतो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखोरिया के प्रदीप गोराई व उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ासुसनी की आस्था महतो शामिल है। गौरतलब हो कि इस परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को वर्ग नवम से 12वीं तक हर साल छात्रवृत्ति के रूप में 12 हजार की राशि राज्य सरकार की ओर से मिलेगी।

## दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से किसानों को हुआ लाखों का नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** बीते दो दिनों से लगातार बारिश होने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसानों ने भी अपना धान की फसल को सिमट भी नही पाए है। किसी का धान खलिहान में, तो किसी का धान खेत पर ही रह गया है। कुकरू प्रखण्ड के अन्तर्गत बेरासी सिरूम पंचायत के माहलीडीह गाँव में किसान परेश महतो ने बताया कि उनका धान कटनी हो गया है परंतु धान खेत पर ही है । लाखों रूपये की धान बारिश में डूब गए। यही स्थिति अधिकांश किसानों का है। इस बारिश का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा, जिससे उनका आर्थिक स्थिति में खासा असर पड़ेगा।

## कुणाल सारंगी के प्रयास से अस्पताल बिल माफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** धालभूमगढ़ के नरसिंहगढ़ निवासी सपन नामाता की फेफड़ों में खराबी के कारण ब्रह्मानंद अस्पताल में मृत्यु के बाद अस्पताल द्वारा शव नहीं दिए जाने के पर सूचना मिलने के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने 48000 का बिल माफ करवाया। नामाता परिवार ने शव पाकर राहत महसूस किया और घाटशिला के समाजसेवी सुजय सिंह एवं कुणाल षाड़ंगी के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

## करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने किया कन्वर्सेशन ऑन एंपावरमेंट पर सेशन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने गुरुवार को वूमेन इंस्पायरिंग वूमेन -कन्वर्सेशन ऑन एंपावरमेंट शीर्षक से एक इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया। इस सेशन की मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल स्ट्रेंगटलिफ्ट खिलाड़ी पूजा सन्निग्रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत अद्रीजा मलिक ने मुख्य वक्ता और छात्रों के स्वागत के साथ की। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रियाज़ ने पूजा को मोमेंटो के साथ सम्मानित किया। करीम सिटी कॉलेज के पूर्व छात्रा पूजा सन्निग्रही ने छात्राओं को अपने जीवन और अपने स्ट्रगल को साझा करते हुए बताया कि छात्र कैसे अपने जीवन में आए मुश्किलों का सामना करे और जिंदगी में हमेशा एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बड़े। इस इंटरेक्टिव सेशन में कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. कौसर तसनीम, डॉ. बसुंधरा रॉय, डॉ. फरजाना अंजुम, डॉ. शशि प्रभा और डॉ. मोहम्मद शाहनवाज उपस्थित थे।

## डीआइजी से डोडा की अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग को दिया ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत दालग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संदीप मंडल ने नशीले पदार्थ डोडा के अवैध कारोबार बंद करने की मांग करते हुए बुधवार को कोल्हान प्रमंडल डीआईजी को एक पत्र सौंपा है।डीआईजी को सौंपे गए पत्र में कहा गया कि बीते दो दिसंबर को पानला से अपने घर आने के दौरान चावलीबासा में एक मारूति वाहन पर कुछ लोगों द्वारा करीब पांच से सात बोरा में संदिग्ध वस्तु लोड किया जा रहा था। जब मैं उन लोगों से बोरा के भरे वस्तु के बारे में पुछा तो वे लोग बताया बोरा में डोडा है और उनलोगों ने मेरे साथ धक्का मुक्की करके मारूति गाड़ी को लेकर फरार हो गया। उन्होने कोल्हान डीआईजी को सौंपे पत्र में कहा है कि चार दिसंबर को शाम 4:58 बजे दिलीप साहू नामक व्यक्ति ने फोन के माध्यम से धमकी दिया कि डोडा के अबैध कारोबार के खिलाफ जो आवेदन दे रहे हो बहुत गलत कर रहे हो। सुधर जाओ वरना परिणाम भूगतने के लिए तैयार रहो। उन्होने डीआईजी से उक्त गाड़ी की जांचकर तथा डोडा कारोबारी दिलीप साहु पर कारवाई करने की मांग की है। वहीं संदीप ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल को मांगपत्र सौंप कर दालग्राम गांव में अवैध महुआ शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। पत्र में लिखा गया है कि कुछ महीने पहले दालग्राम में शराब की बिक्री नहीं होता था। लेकिन वर्तमान समय में अवैध महुआ शराब की बिक्री खुलेआम चल रहा है। पत्र में लिखा गया है कि नीमडीह थाना क्षेत्र के जुगिलोंग गांव से दालग्राम एवं आसपास गांव में अवैध महुआ शराब की आपूर्ति की जाती है। नीमडीह थाना के जुगिलोंग गांव में 15 से अधिक महुआ शराब चुलाई की भट्ठी है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीया

## नए संकल्पों का आयोजन

**अपनी** प्राथमिकताओं के आधार को पुख्ता करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सुशासन की पगडंडियों पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से राजस्व विभाग के कामकाज के लक्ष्य निर्धारित किए जा चुके हैं और आगामी राजस्व अदालतों के आयोजन से यह तसदीक होगा कि सरकार जमीन की अड़चनों को फाइलों से किस स्तर तक आजाद करवा पाती है। कम से कम एक वातावरण तो बन रहा है, लेकिन ढर्रा बदलने के लिए अंतिम छोर का मुआयना आवश्यक है। अकसर बड़ी घोषणाएं राजधानी में तो गूंज पैदा करती हैं, लेकिन फील्ड में समाज के आंसू इंतजार में सूख जाते हैं। इससे पहले भी धूमल सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को लेकर गारंटी योजना चलाई थी, लेकिन जहां चूलें ढीली हैं वहां बड़े बदलाव की जरूरत रहेगी।

राजस्व अदालतों के आयोजन से यह तसदीक होगा कि सरकार जमीन की अड़चनों को फाइलों से किस स्तर तक आजाद करवा पाती है। कम से कम एक वातावरण तो बन रहा है, लेकिन ढर्रा बदलने के लिए अंतिम छोर का मुआयना आवश्यक है। अकसर बड़ी घोषणाएं राजधानी में तो गूंज पैदा करती हैं, लेकिन फील्ड में समाज के आंसू इंतजार में सूख जाते हैं। इससे पहले भी धूमल सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को लेकर गारंटी योजना चलाई थी, लेकिन जहां चूलें ढीली हैं वहां बड़े बदलाव की जरूरत रहेगी। बहरहाल तहसील स्तर की राजस्व अदालतें पीड़ित लोगों के लिए राहत का पैगाम हैं ही और अगर इनकी निरंतरता में काम होने लगेगा, तो सफलता के मानदंड भी स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री हमीरपुर मेडिकल कालेज को राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की उपाधि में अपने संकल्प को दस्तावेजी बना रहे हैं और यह भी चिकित्सा क्षेत्र का एक सुखद पहलू हो सकता है, लेकिन इसी के साथ उस निरीक्षण-परीक्षण की जरूरत है जो घोषणाओं के लबादे के नीचे निरकुंश भाव से आधारभूत सुविधाओं के प्रति निरंतर लापरवाह होता जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आते ही प्रदेश की इमर्जेंसी सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने का वादा किया था, लेकिन हकीकत के पांव आज भी भटके हुए हैं।

बहरहाल तहसील स्तर की राजस्व अदालतें पीड़ित लोगों के लिए राहत का पैगाम हैं ही और अगर इनकी निरंतरता में काम होने लगेगा, तो सफलता के मानदंड भी स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री हमीरपुर मेडिकल कालेज को राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की उपाधि में अपने संकल्प को दस्तावेजी बना रहे हैं और यह भी चिकित्सा क्षेत्र का एक सुखद पहलू हो सकता है, लेकिन इसी के साथ उस निरीक्षण-परीक्षण की जरूरत है जो घोषणाओं के लबादे के नीचे निरकुंश भाव से आधारभूत सुविधाओं के प्रति निरंतर लापरवाह होता जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आते ही प्रदेश की इमजेंसी सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने का वादा किया था, लेकिन हकीकत के पांव आज भी भटके हुए हैं। हम स्वास्थ्य सेवाओं की परिक्रमा में घूम रहे हैं और इनसे आजिज मरीज निजी अस्पतालों की शरण में पहुंच जाते हैं। अस्पतालों में मौत एक ऐसी कहानी है जिसे दुखांत से बचाया जा सकता है, बशर्ते इमजेंसी सेवाएं दिन-रात जागकर इस भाव से काम करें। मेडिकल कालेजों की स्थापना के बाद निचले स्तर यानी क्षेत्रीय, जोनल व सिविल अस्पतालों का इमर्जेंसी ढांचा लचर हो गया है। ये संस्थान केवल रेफरेंस की पुडिया बन गए हैं। यहां इमजेंसी उसी एंबुलेंस को वापस मेडिकल कालेज की तरफ रवाना कर देती है। जिला स्तर के अस्पताल इमजेंसी में आए मरीजों को न तो आंतरिक रोगी मान कर आगे का उपचार कर रहे हैं और न ही तीमारदारों को पूरी तरह चिकित्सा सलाह दे पा रहे हैं। भले ही हम राष्ट्रीय चिकित्सा के पैमानों में चिकित्सा संस्थान खड़े कर दें, लेकिन मौत के हाथों जिंदगी बचाने के लिए एक सतर्क व सक्षम प्रणाली विकसित करने के लिए अभिप्राय बदलना होगा। स्वास्थ्य विभाग की इमारतों के भीतर जिस माहौल की अपेक्षा है, उसके लिए सतत प्रयास करना होगा। हिमाचल सरकार पर्यटन की दृष्टि से सहूलियतों में इजाफा करने की मंशा जाहिर कर रही है और इसी परिप्रेक्ष्य में हेलिपोर्ट विकास की रूपरेखा बन रही है। मुख्यमंत्री पर्यटन के मानचित्र में कई रंग भरना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हर विभाग और मंत्रालय का समन्वय स्थापित करने के लिए योजनाओं के मूल सिद्धांत भी इनसे जुडने चाहिएं। हिमाचल में विद्युत, जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी, वन, पर्यटन, परिवहन, भाषा-संस्कृति तथा जनसंपर्क विभागों के बीच तालमेल की नई परिपाटी विकसित करनी होगी। हाईड्रो पॉवर नीति के साथ पर्यटन जोडक़र हम हिमाचल की विशिष्टता दर्शा सकते हैं, तो छोटे-छोटे चैक डैम व सिंचाई परियोजनाओं को पर्यटन आकर्षण के साथ नत्थी कर सकते हैं। हाई-वे पर्यटन की दृष्टि से तमाम सडक़ों के छोर अपनी भूमिका में सैलानियों के विश्राम की सुविधाएं जोड़ सकते हैं। शहरी एवं ग्रामीण विकास विभागों को स्थानीय निकायों के साथ मिल कर पर्यटन सुविधाओं में इजाफा करना चाहिए, जबकि मनरेगा योजना का अधिकतम उपयोग पर्यटन अधोसंरचना के विविध पहलुओं से जुड़ सकता है। बहरहाल प्रदेश सरकार चाय पर्यटन की दिशा में सोचने लगी है। असम राज्य ने पिछले एक दशक में चाय पर्यटन की विविधता में मनोरंजन व सुकून से लबरेज पैकेज सैलानियों को दिए और इसी तरह हिमाचल के कांगड़ा व मंडी के क्षेत्रों में नए आकर्षण पैदा किए जा सकते हैं।

### प्रकृति की प्रत्यक्ष होती समृद्धि और सुषमा उसे स्पष्ट रूप से एक संसाधन घोषित करती है और आंशिक रूप से यह सही भी है

## जीवन प्रकृति के साथ चलने पर ही संभव

गिरीश्वर मिश्र

पिछले कुछ वर्षों में प्रकाशित हुई अनेक रपटों, पारस्परिक सहमतियों और वैश्विक उद्घोषणाओं से राजनेताओं की कुछ-कुछ गंभीरता तो जरूर प्रकट हुई है परंतु उसे कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा निहित स्वार्थ के कारण कंटकाकीर्ण रही है। फलत : प्रकृति के साथ सहजीवन की दिशा में हमारे प्रयास नाकाफी रहे हैं जब कि उसके अंधाधुंध दोहन का प्रयास खूब बढ़ा है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश के साथ जैव विविधता आज जिस तरह तेजी से घट रही है उसे किसी भी तरह अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। पेयजल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं।

**वैश्विक** स्तर पर सबको प्रभावित करने वाली मानवजनित चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन की खास भूमिका है। इसका स्वरूप दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है। इसे लेकर चिंतन भी होता आ रहा है और गाहे-ब-गाहे विभिन्न स्तरों पर चिंता भी जाहिर की जाती रही है। इस क्रम में ताजा विचार-विमर्श यूएई के विख्यात दुबई महानगर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज यानी काप का 28 वां सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस श्रृंखला की यह एक खास कड़ी होगी जिसमें यह जरूरी होगा की इस व्यापक संदर्भ में उठाने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में फलदायी निर्णय लिए जा सकें। अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज़्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है। इन सबसे जीवनदायी गतिविधि में व्यापक असंतुलन परिलक्षित हो रहा है। सतही तौर पर प्रकृति और मनुष्य अलग दिखते हैं। प्रकृति की प्रत्यक्ष होती समृद्धि और सुषमा उसे स्पष्ट रूप से एक संसाधन घोषित करती है और आंशिक रूप से यह सही भी है। पर यह आंशिक सत्य प्रायः पूर्ण मान लिया जाता है और प्रकृति के जल्दी से जल्दी (यथासंभव) अधिकाधिक दोहन का काम शुरू हो जाता है। ऐसा करते हुए मनुष्य की विभिन्न उपलब्धियां उसका भ्रम बनाए रखती हैं। भ्रम तब टूटता है जब प्रगति सरीखी इस दिग्विजय में मनुष्य को ठोकर लगती है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य हस्तक्षेप से बाज नहीं आता। वह यह भूल जाता है कि प्रकृति का कोई विकल्प नहीं है। उसे नष्ट कर होनी वाली क्षति अपूरणीय क्षति होती है। पिछले वर्षों में यूरोप और अमेरिका के अनेक भू-क्षेत्रों में बाढ़, लू, वनाग्नि, सूखा और प्रचंड तूफान जैसी जलवायु की चरम स्थितियों का बार-बार सामना करना पड़ा है। भारत के हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड और दिल्ली में जिस तरह बाढ़ का प्रकोप अनुभव किया गया वह विस्मित करने वाला था। दक्षिण भारत के कई शहरों में बाढ़ का प्रकोप हुआ था। वस्तुतः भारत समेत विश्व के अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों में लगातार अनुभव हो रही प्राकृतिक विभीषिकाएं देखते हुए जलवायु वैज्ञानिक दुनिया को संभावित खतरों से आगाह करने के लिए अनेक वर्षों से सतर्कता बरतने का आग्रह करते आ रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के द्वारा जुटाए तथ्यों और तर्कों का नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के स्तर पर काफी असर होना चाहिए था। पर हुआ यह कि अनेक देशों के राजनयिकों द्वारा इनके लिए प्रतिबद्धता दर्शाने की रस्म अदायगी बढ़ गई है। इससे जुड़े बैठकों, आयोजनों और विमर्शों के प्रकाशन भी समय-समय पर होते रहे हैं। इस सिलसिले में टिकाऊ (ससटेनेबल) विकास की अवधारणा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति एक सराहनीय कदम था। ऐसे सोलह टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का खूब प्रचार-



प्रसार हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकाशित हुई अनेक रपटों, पारस्परिक सहमतियों और वैश्विक उद्घोषणाओं से राजनेताओं की कुछ-कुछ गंभीरता तो जरूर प्रकट हुई है परंतु उसे कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा निहित स्वार्थ के कारण कंटकाकीर्ण रही है। फलतः प्रकृति के साथ सहजीवन की दिशा में हमारे प्रयास नाकाफी रहे हैं जब कि उसके अंधाधुंध दोहन का प्रयास खूब बढ़ा है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश के साथ जैव विविधता आज जिस तरह तेजी से घट रही है उसे किसी भी तरह अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। पेयजल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं। दरअसल जलवायु और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सरकारी खेमों में आरंभिक उत्साह और मीडिया में जोरदार उपस्थिति के साथ फौरी फायदे अधिक महत्व के हो जाते हैं। उसमें ही बढ़त पाने की जुगत लगाई जाती है। उसके आगे मानवता को होने वाले बड़े और दीर्घकालिक नुकसानों को अकसर भुला दिया जाता है। आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से रसूख वाले तथाकथित विकसित देश जलवायु से जुड़ी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों में शामिल होने को छोड़ अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते। वे पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को खुद के लिए स्वीकार नहीं करते और उनको लागू करने में तरह-तरह की छूट लेते रहते हैं। उदाहरण के लिए ग्रीन गैस के उत्सर्जन को लेकर आज के मौजूदा हालात में यह विडम्बना खास तौर पर झलक रही है। अब जो स्थिति बन रही है वह यह है कि पृथ्वीतल पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। इस पर गौर किया जाना चाहिए कि बीत रहे वर्ष सन् 2023 के अगस्त से अक्टूबर तक के महीने विश्व भर में रिकार्ड तोड़ गर्मी को दर्ज किए हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले करीब दो सौ वर्षों में इस तरह की घटना पहली बार अनुभव की गई है। पर्यावरण को लेकर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का सबसे दुखद पक्ष यह है कि मानवीय हस्तक्षेप से होने वाली हानियों का वितरण सभी देशों के बीच एक सा नहीं है। आज यह सर्वविदित है कि उच्च तकनीकी के साथ विकसित देश प्रकृति के दोहन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं परंतु इस वैश्विक स्वरूप वाली विपदा का खामियाजा अकसर कम विकसित देशों को भुगतना पड़ता है। इसके समाधान के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अंतर राष्ट्रीय कोष का प्रस्ताव बनता रहा है। भारत वर्ष ने भी इसके लिए बड़ा प्रयास किया है। परंतु कार्रवाई के स्तर पर देखें तो अभी तक की अंतर राष्ट्रीय प्रगति बेहद असंतोषजनक है। यह भी उल्लेखनीय है कि डेढ़ डिग्री तक वैश्विक तापमान बनाए रखने में विफल होने की स्थिति में अनुमान किया जा रहा है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह याद रखना होगा कि जलवायु की प्रणाली धरती पर जीवन जीने के लिए आधार प्रदान करती है परंतु उसी के साथ कुछ जरूरी सीमाएं भी बांधता चलता है। मनुष्य उन सीमाओं से मनमानी छेड़छाड़ करता है पर उसकी भी सीमा है जिसे अकसर भुला दिया जाता है। ऐसे में प्रकृति और पर्यावरण हमारी सामाजिक चेतना का सक्रिय हिस्सा ही नहीं बन पाते। स्मरणीय है कि पर्यावरण का दोहन, अबाध प्रदूषण, ऊर्जा का अनियंत्रित उपयोग और वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं के जीवन की गुणवत्ता संजोने के सवाल, सभी आपस में गुंथे हुए हैं। ये सभी परस्पर निर्भर हैं और एक दूसरे के लिए पूरक का भी काम करते हैं। इस तरह का समग्रतावादी (होलिस्टिक) जीवन-दर्शन हम सिद्धांत में तो अब मानने लगे हैं पर अभ्यास के स्तर पर मानव केंद्रित (एंथ्रोपोसेंट्रिक) विचारधारा को ही तरजीह देते है। मनुष्य-केंद्रित होने से हमारी रुचि मनुष्य के सुख-समृद्धि को बढ़ाने में ही लगी रहती है। हम प्रकृति के प्रति अपने दायित्व को उसकी अपने लिए संचय और उपभोग वाली उपयोगिता के अलावे नहीं समझ पाते। इस विकृत मानसिकता का परिणाम यह होता है कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन की जगह सिर्फ उसके अधिकाधिक दोहन पर ही जोर दिया जाता है। त्याग के महत्व को चूड भोग पर जोर देने से प्रकृति से लेते तो हैं पर उसे देने की बात विस्मृत हो जाती है। यह असंतुलित व्यवस्था आगे और भी असंतुलन को जन्म देती है। कई लोगों को मन में यह भ्रम भी बना रहता है कि प्रकृति अनंत यानी असमाप्य है। अपने को चेतन और प्रकृति को जड़ मान कर मनोवांछित तरीके से उसके दोहन में हर तरह से सन्नद्ध हो जाते हैं। आज प्रौद्योगिकी का जिस तेजी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की सहज शक्ति और संभावना को अनेक स्तरों पर प्रतिबंधित करने वाला सिद्ध हो रहा है। उदाहरण के तौर पर कृषि कार्य में रासायनिक खाद और पेस्टीसाइड, और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुंच कर अनेक रोगों और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। नई-नई प्रौद्योगिकी यही सोच कर विकसित की जाती है कि उत्पादन बढ़ेगा और व्यापार में नफा होगा।

दृष्टि कोण

## मुलायम रखते थे वीपी सिंह से छत्तीस का आंकड़ा, मगर अखिलेश उनकी शान में कसीदे पढ़ रहे हैं

**समाजवादी** पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की स्क्रिप्ट तैयार कर रही है। आज 28 नवंबर को बजट सत्र की शुरुआत होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके पीछे-पीछे उनके विधायक और पूरी पार्टी चुनावी मोड में नजर आये। अखिलेश ने जातीय जनगणना कराये जाने की मांग के सहारे अपने मंसूबे जाहिर कर दिये। सपा प्रमुख द्वारा आम चुनाव के लिए लिखी जा रही स्क्रिप्ट में जहां जातीय जनगणना के मुद्दे को राजनैतिक हवा दी जा रही है, वहीं अखिलेश यादव पूर्व प्रधानमंत्री और यूपी के मांडा के राजा स्वर्गीय वीपी सिंह को भी अपनी राजनीति का 'हथियार' बनाने में लगे हैं। जिसकी पृष्ठभूमि यूपी से कोसों दूर तमिलनाडु में लिखी जा रही है। जहां चेन्नै के एक कालेज में पूर्व पीएम की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हिन्दी के मुखर विरोधी तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पूर्व पीएम वीपी सिंह की शान में कसीदे पढ़ते



नजर आये और कहा कि प्रतिमा के अनावरण से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में एक स्पष्ट संदेश गया है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में सत्तर के दशक से ही ओबीसी आरक्षण पर सियासत होती रही है। वीपी सिंह की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर अखिलेश यादव को भले लग रहा हो कि इससे पूरे देश में एक खास तरह का संदेश जायेगा, परंतु यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि आज अखिलेश जिन पूर्व पीएम वीपी सिंह की याद में कसीदे पढ़ रहे हैं, उनसे मुलायम सिंह यादव का छत्तीस का आंकड़ा था। नेताजी की नजरों में वीपी सिंह पिछड़ा समाज के खूनी दुश्मन थे। इसकी वजह भी थी, जिसकी बुनियाद अस्सी के दशक में उस समय पड़ी थी, जब वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इसी दौरान वीपी सिंह के एक भाई पूर्व न्यायाधीश को डकैतों ने बरगढ़ के जंगल में घेर कर मार दिया था। इसके बाद वीपी ने यूपी को दस्यु मुक्त करने के लिए बड़े स्तर पर 'दस्यु उन्मूलन अभियान' छेड़ दिया था। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दस्यु जनक सिंह, कांता सिंह जैसे डकैतों को मौत के घाट उतार दिया था। कई डकैतों को जेल जाना पड़ा था। इस अभियान के दौरान कई नामी बदमाशों को भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया था जिससे नेताजी मुलायम सिंह काफी नाराज थे। वह साफ कहते थे कि राजा मांडा दस्यु उन्मूलन अभियान के नाम पर पिछड़ों की हत्याएं करा रहे हैं। मुलायम सिंह यादव ने दस्यु उन्मूलन के नाम पर पिछड़े वर्ग के युवाओं को पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने को ऐसा मुद्दा बनाया कि कांग्रेस को बैकफुट पर आना पड़ा और अंततः वीपी सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा। वीपी सिंह यूपी की नौकरशाही और कांग्रेस की प्राणघातक आंतरिक गुटबाजी से अज्ञात थे। मुलायम सिंह ने इन्हें अपने औजार के रूप में इस्तेमाल किया था। वीपी सिंह और मुलायम के बीच कड़वाहट इतनी ज्यादा थी कि वीपी के कांग्रेस छोड़ने के बाद भी उनके मुलायम सिंह के साथ रिश्ते सामान्य नहीं हो पाए थे। जब अमिताभ बच्चन के त्यागपत्र से रिक्त हुई इलाहाबाद लोकसभा सीट से वीपी सिंह संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बने तो मुलायम सिंह के नाकारात्मक रुख का एहसास उन्हें निरंतर होता रहता था। इसके पीछे मुलायम सिंह की बड़ी सियासी महत्वाकांक्षा भी काम कर रही थी, मुलायम को लगता था कि मुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें (मुलायम सिंह) वीपी सिंह खेमे के अधिकांश विधायकों का समर्थन मिला हुआ है। फिर भी वह सीएम नहीं बन पा रहे हैं। इसी तरह से अयोध्या-राम जन्म भूमि विवाद को सुलझाने के लिए वीपी सिंह द्वारा किए जा रहे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ़ के व्यवसायी रामचंद्र रुंगटा के प्लांट एवं कार्यालय में टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड के उद्योगपति और कारोबारी रामचंद्र रूंगटा के रामगढ़, रांची और अन्य स्थानों पर स्थित प्लांटो एवं कार्यालय में आयकर विभाग की छापामारी गुरुवार को प्रातः 5ः00 बजे से ही आरंभ हो गई थी द्य रामचंद्र रुंगटा की रामगढ़ और रांची में स्थित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर छापामारी हुई द्य छापामारी में शामिल अधिकारी सीआरपीएफ के जवानों की सुरक्षा में छापामारी कर रहे थे द्य यह छापामारी पटना आईटी की टीम के नेतृत्व में हुई।जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रातः 5ः00 बजे से दर्जनों वाहनों पर बैठे अधिकारी और सीआरपीएफ के



जवान रामगढ़ और रांची छापामारी के लिए पहुंचेद्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिला के कई स्थानों पर स्थित फैक्ट्री और कार्यालय में छापामारी हुई द्य जानकारी के अनुसार रामगढ़ शहर के पंजाब नेशनल बैंक के निकट स्थित रामचंद्र रूंगटा के कार्यालय में भी छापामारी सुबह 5ः00 से चल रही हैद्य वही झारखंड इस्पात फैक्ट्री हेसला, मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन हेहल और आलोक स्टील बूढ़ाखाप में इन सभी जगह पर दो दो वाहनों से छापामारी करने के लिए अधिकारी पहुंचे थे । यहां सीआरपीएफ के जवानों की सुरक्षा में छापामारी दिन भर चली द्य रामगढ़ जिमखाना क्लब में भी अधिकारी पहुंचे थे द्य रामगढ़ जिले में रामचंद्र रुंगटा के प्रतिष्ठानों में छापामारी के लिए 20 वाहनों से अधिकारी और सीआरपीएफ के जवान पहुंचे थे। इसको लेकर रामगढ़ शहर में दिन बार चर्चाओं का विषय गर्म रहा इस छापामारी में क्या बरामद हुआ है इसकी जानकारी अधिकारियों के द्वारा किसी प्रकार की नहीं दी गई।

## हेसला झारखंड इस्पात में आईटी ने की छापेमारी

### मामला टैक्स चोरी का, ऑफिस के कागजातों को खंगाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के हेसला झारखंड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड स्पंच आयरण फैक्ट्री में गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी किया। जैसे ही आईटी सदस्य सफेट टोयटा, स्कॉर्पियो आदि चार वाहनों से उतरकर धड़ाधड़ कार्रवाई में लग गये। प्लांट के अंदर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि आयकर विभाग की टीम लगभग चार गाड़ियों में सवार होकर सुरक्षा के लिहाज से सीआरपीएफ के जवानों के साथ आई थी। झारखंड इस्पात के कार्यालय दस्तावेज, कंप्यूटर्स और कागजी क्रियाकलापों को खंगालने पर टीम की नजर टिकी




हुई थी। छापामारी खबर सुनने के बाद ड्यूटी आने वाले कई ऑफिस के कर्मचारी, कांटा में तैनात कर्मी व मजदूरो में ओहापोह की स्थिति पैदा हो गई हैं। आईटी टीम के सदस्यों ने प्लांट के अंदर किसी के भी आने-जाने, वाहनो पर पाबंदी लगा दिया था। फैक्ट्री के अंदर काम में लगे मजदूरो के मोबाइल स्विच ऑफ करवा दिए गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम बिहार पटना से जुड़ी हैं। जो स्पंज आयरन फैक्ट्री के मालिक रामचंद्र रूंगटा के रामगढ़ आवासीय कार्यालय, हेहल के छिन्न मस्तिष्का स्पंज फैक्ट्री, कुजू के आलोक स्पंच फैक्ट्री, जीमखाना रामगढ़ और कांके के कार्यालय में एक साथ छापामारी अभियान चला रखा था। आईटी के इस प्रकार के छापेमारी से बड़े टैक्स की चोरी उदभेदन करने की ओर इशारा कर रहा हैं। हालांकि आयकर टीम के अधिकारियों के द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। वे सभी कार्रवाई में लगे थे। समाचार लिखे जाने संध्या 5:30 बजे तक रेड प्रक्रिया जारी थी।

## चोकाद पंचायत भवन में उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के स्थानीय कार्यालय एमएसएमई विकास कार्यालय राँची के द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन चोकाद में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक एमएसएमई गौरव ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भावी उद्यमियों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वहीं क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, गोला अनुभव कुमार शांडिल्य ने उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध ऋण सुविधाओं, आवेदन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपस्थित चोकाद पंचायत के उप मुखिया अविनाश कुमार एवं वार्ड सदस्य नरेंद्रनाथ मुखर्जी ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान ईओडीबी प्रबंधक डीआईसी अंशुमन सिंह, कई स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर उसके माध्यम से जानकारी अवगत कराया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई गरीब व असहाय व्यक्ति जो असाध्य रोगों से पीड़ित है उन्हें सरकार के द्वारा लोकहित में दिए जा रहे मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में असाध्य रोग से पीड़ित परिजनों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवेदन देने के बावजूद भी उनके कार्य में शिथिलता के कारण उचित समय पर उसका लाभ रोगियों को नहीं मिल पाता है जिसके कारण वैसे लोगों की मौत हो जाती है। उन्होंने सीएम को ध्यान केंद्रित कराते हुए कहा है कि सभी सिविल सर्जन को असाध्य रोग से पीड़ित रोगियों को वित्तीय सहायता हेतू 5 लाख रुपए तक अनुशंशा करने का प्रावधान है परंतु असाध्य रोगियों के परिजनों को बार बार उसे अस्पताल बुलाकर उसे परेशान किया जाता है। उन्होंने सभी बिंदुओं पर उचित विचार करते हुए असहाय एवं गरीब असाध्य रोगियों को ईलाज में हो रही विलंबता को समाप्त करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र लोगों हर संभव मदद पंहुचाने की बात कही है।



## मौसम के मिजाज में हुई गड़बड़ी, दो दिनों के लगातार बारिश से कई कच्चे मकान हुए धाराशायी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र में उठे तुफान मिचौंग का स्पष्ट प्रभाव पिछले दो दिनों से झारखंड में भी देखा जा रहा है। इसी के वजह से कहीं तेज तो कहीं रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण सारा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस तरह मौसम में हुई गड़बड़ी के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बारिश के साथ साथ ठंडक भी बढ़ गया है। सड़कों पर बहुत कम ही वाहन चल रहे हैं। इधर दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश के कारण सोसो पंचायत के हिसिमदाग गाँव निवासी दिनेश भोगता का खपरैल मकान गिरकर पूरी तरह से धाराशायी हो गया। अब भुक्तभोगी के पास सपरिवार सर छुपाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सरकार से उचित सहायता की माँग की है।



# आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत शिविर में जुटे लोग, आए 5811 आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार को आम जनता का बढ़िया समर्थन मिल रहा है। मौसम में हुए बदलाव के बावजूद पंचायतों में लगाये जा रहे शिविरों में अच्छी संख्या में ग्रामीण जुट रहे हैं। वहीं इन शिविरों में आनेवालों में बड़ी संख्या महिलाओं, युवाओं व विद्यार्थियों की भी है। आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 7 दिसंबर को भी शिविर लगाये गये, जिनमें इचाक के परासी, बरकट्ठा प्रखण्ड के कोनहराखुर्द, बरही प्रखण्ड के बसरिया पंचमाधव, बड़कागॉव प्रखण्ड के डाड़ीकला, केरेडारी के चट्टी बारियातू, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के रोमी, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के बड़ासी, चौपारण प्रखण्ड के भगहर पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया। शिविरों में आमजनों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभुक बनाया गया। 21179 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 87161 आवेदन प्राप्त किये गये हैं, जिनमें 21179 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 178 आवेदन निरस्त करते हुए, शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 50759 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 2687, सर्वजन पेंशन के 2212, मुख्यमंत्री पशुधन के 1749, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 518, गुरूजी क्रेडिट

## गाड़ी बुक करने का झांसा देकर साइबर ठग ने उड़ाए 31500, थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत अफीम कोठी निवासी शंकर साव पिता पिता स्व किशुन साव साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनसे गाड़ी का ट्रांसपोर्टर बताकर गाड़ी बुक करने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 31500 रुपए ठग लिए। इस बावत उन्होंने बरही थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया की ने 6 दिसंबर को सुबह लगभग 7 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर 6388091933 एवं 9395177611 से फोन कर तरह-तरह की बाते बनाकर मुझे बरगलाया और अपने आप को गाड़ी का ट्रांसपोर्टर बताया। उन्होंने मेरा गाड़ी बुक करने के नाम पर अपने फोन पे के स्कैनर पर मुझसे कुल 31,500 रूपया ठगी कर ट्रांसफर करवा लिया। इसके बाद फोन उठाना बन्द कर दिया। वर्तमान में दोनों मोबाइल स्वीफ ऑफ आ रहा है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने जांचकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## आज चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर आयुक्त के आदेश अनुसार आज अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा । गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की एक बैठक हुई ,बैठक के बाद नगर आयुक्त से फुटपाथ संघ मुलाकात किया और उनको बताया गया की जितने भी फुटपाथ दुकानदार हैं वह लगभग सारे दुकानदार प्रधानमंत्री योजना के तहत लोन ले चुके हैं कोई 10000 कोई 20000 कोई 50000 अगर अतिक्रमण चला तो लोन कैसे भर पाएंगे। रोजी-रोटी पर भी भारी नुकसान होगा, हजारीबाग शहर में ट्रैफिक का व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। फुटपाथ दुकानदारों से ट्रैफिक व्यवस्था में कोई भी नही दिक्कत होती है। दिक्कत होती है जो छोटे-बड़े गाड़ियों से जो रोड पर खड़ा कर देते हैं । नगर आयुक्त को अगर अतिक्रमण चला तो गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ विरोध जोरो से करेगा। बैठक में राजेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, इम्तियाज, समीम भाई, छोटू वर्मा, रमेश चंद्र, कुंती देवी, गीता देवी ,कुर्मी तिर्की आदि थे।

## सरकार का सफलतम प्रयास है कि सरकारी योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : अब्दुल मनान वारसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखण्ड के बसरिया पंचमाधव पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायता हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पंचायत भवन में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना,सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया। झारखण्ड सरकार के द्वारा पूरे राज्य में के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

## इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, में डॉ भीमराव अंबेडकर एवं खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्थानीय इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल,मंडई कला,हजारीबाग में डॉ भीमराव अंबेडकर एवं खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि तथा जवाहर लाल नेहरू एवं डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत उक्त सभी महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक बिपिन कुमार सिन्हा ने बारी बारी से इन चारों महापुरुषों के जीवन और उनके द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी। सबसे पहले उन्होंने भीमराव अंबेडकर के बारे बताया । वे डॉ बाबासाहब अम्बेडकर नाम से लोकप्रिय थे तथा बहुविज्ञ होने के साथ साथ विधिवेत्ता , अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक एक दलित नेता के रूप में भी जाने जाते थे थे।उन्होंने दलित और बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतन्त्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। फिर कुछ बातें खुदीराम बोस के सन्दर्भ में भी बताई कि वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक ऐसे अहम प्रणेता थे , जिन्होंने मात्र 18 वर्ष की आयु में नृशंस अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लड़ते हुए भारतवर्ष की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर चढ़ा दिये गये।

## किसानों के धान पर टूटा प्राकृतिक कहर

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डेढ़ लाख से अधिक आबादी वाले प्रखंड में 80त्न आबाद खेती-बाड़ी पर निर्भर है। 1 माह के भीतर प्रकृति की दोहरी मार से किसानो की कमर टूट गई। एक माह पूर्व हुई लगातार 48 घंटे की बारिश से किसानों को आलू की फसल से हुई छती का दर्द खत्म नहीं हुआ है और अब चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण आये बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसानों के खेत और खलिहानों में धान के फसल पर प्रकृति का कहर बरस रहा है। यहां के किसान मानसूनी वर्षा पर निर्भर हैं। धान रोपाई के समय कम बारिश के कारण किसान खेतों में बिछड़ा काम ही लोग बो पाए। जहां तहां सिंचाई के लिए कूप की व्यस्था था वहां किसी तरह धान की रोपाई हुई। पर जब धान की बाली फूटने का समय वर्षा नहीं होने के कारण धान की बाली तो निकली पर वह भी खखरी हो गया। जब धान की फसल पक गयी। कटाई और झड़ाई का समय आया किसान कटाई कर रहे हैं तो कुछ किसान खलिहान में धान रखकर झड़ाई का काम प्रारम्भ करने से पहले चक्रवाती तूफान मिचौंग से आई बारिश किसानों का कमर तोड़ दिया। पिछले 36 घंटा से हो रही लगातार झमाझम बारिश से किसानों का धान खेतों में सडने लगा है । विचार को प्रखंड के किसान आलू और धान के फसल पर आश्रित है दोनों फसल से हुई छाती से अब किसने को चिंता सताने लगी है बाल बच्चों की पढ़ाई और दवा बैंकों का कर्ज कहां से कर पाएंगे। जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि किसानों का धान कही 75 प्रतिशत तो कहीं 50 प्रतिशत खेतो में पड़ा है। बारिश से धान में अंकुर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशाशन यहां की किसानों की समस्याओं का प्रतिवेदन सरकार को भेजें और मुवावजा की व्यवस्था हो। भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सरकार को किसानों के प्रति सहानुभूति पूर्वक फसलों से हुई छाती का भरपाई करना चाहिए। किसान नेता रामलखन मेहता ने कहा कि सरकार किसानों की स्थिति को अपने अधिकारियों से सर्वे करवाये और मुवावजा की घोषणा करे। किसान बीरबल मेहता ने कहा कि हम किसानों का कोई देखने वाला नही है। सरकार सिर्फ घोषणा करती है पर भरपाई नही हो पाता है।

## शाकरी मोहल्ला के ग्रामीणों ने जेई को बिजली की समस्या से कराया अवगत, 200 केएवी ट्रांफोर्मर लगाने का किया मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के शाकरी मोहल्ला पूर्वी पंचायत ईदगाह रोड के ग्रामीण गुरुवार को बिजली कार्यालय बरही में जेई अभिषेक आनंद से मुलाकात कर बिजली समस्या से अवगत करवाया। गांव के सदर शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से हम सभी बिजली समस्या से परेशान हैं। बार - बार ट्रांसफर्मर में तकनीकी खराब हो जाती है और बिन बिजली के कई समस्या झेलना पड़ता है। सेक्रेट्री शोएब अख्तर ने बताया कि वर्तमान में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है और गांव में 100 से अधिक घर है, जिससे ओवर लोडिंग की समस्या हो जाती है। जिससे आए दिन बिजली कि समस्या रहती है। यदि 100 केवीए के स्थान पर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है। इस बाबत जेई मामले की गंभीरता से लेते आश्वासन दिया के 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जितना जल्दी हो सके लगवा दिया जाएगा।

## राणी सती मंदिर में भव्य महाआरती के साथ मार्गशीर्ष महोत्सव हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में बुधवार की देर शाम भव्य महाआरती के साथ दो दिवसीय मार्गशीर्ष महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। बुधवार की देर शाम मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई गई। जिसके पश्चात भव्य महाआरती प्रारंभ हुई। महाआरती में तेरह सुहागन महिलाएं शामिल हुई जिसमें अमीता बुबना, सरिता देवी, चंदा देवी, सुमित्रा देवी, सबीता खण्डेलवाल, सुनीता बुबना, डोली बुबना, नीतू अग्रवाल, ललिता मित्तल, सुषमा नरेड़ी, सुनीता रामरायका, संगीता चौधरी एवं सबीता अग्रवाल ने दादी की महाआरती की।महाआरती की समाप्ति के पश्चात तेरह सुहागन महिलाओं ने दादी की भजनों पर जमकर नृत्य किया।जिसके पश्चात शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक विकास सुगंध कैलाशी के द्वारा दादी के भजन को प्रस्तुत किया गया।

## यूएनडीपी ने एनटीपीसी मैती कौशल विकास केंद्र की सराहना की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण पर एनटीपीसी आईटीआई केंद्र के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए एनटीपीसी मैती कौशल विकास केंद्र का दौरा किया। 7 दिसंबर को हुई यात्रा ने कौशल वृद्धि और क्षमता निर्माण के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी मैती संगठन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।यूएनडीपी टीम, जिसमें कौशल शिक्षा, रोजगार और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल हैं, एनटीपीसी मैती कौशल विकास केंद्र की सुविधाओं, कार्यक्रमों और सफलता की कहानियों की व्यापक खोज में लगी हुई है। यूएनडीपी दौरे की मुख्य विशेषताएं नवीन प्रशिक्षण पद्धतियां, प्रभावशाली कौशल विकास कार्यक्रम, सामुदायिक जुड़ाव, सहयोगात्मक अवसर, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं हैं।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार बसरिया पंचमाधव पंचायत में शिविर का आयोजन



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पंचायत पंचमाधव बसरिया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर 100 लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 04 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा एक सखी मंडल के बीच 600,000 रुपया का सीसीएल ऋण दिया गया। कल्याण विभाग के द्वारा 256 छात्रों के बीच 4500 रुपया प्रति छात्र को प्रतीकात्मक चेक दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया नीलम देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल अधिकारी रामनरायण खलखो, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवम अन्य कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे।

## आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार के तहत दर्जनों छात्राओं को मिला साइकिल खरीदने के लिए 4500 रुपये का चेक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लाभुकों के बीच योजनाओं का वितरण किया जा रहा है। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान को लेकर युवा वर्ग विशेष कर छात्राओं के बीच उत्साह है। छात्राएं इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है। अभियान को लेकर बरही प्रखंड के खोड़ाहार पंचायत, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विष्णुगढ़, सदर प्रखण्ड के मंडईखुर्द पंचायत तथा कटकमदाग प्रखण्ड के सुलताना पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी द्वारा चेक प्रदान किया गया।चेक मिलने के बाद छात्राओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे।

## राजेंद्र प्रसाद जयंती सप्ताह के पांचवें दिन, जिला महिला प्रकोष्ठ की ओर से मनोरंजन एवं रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला इकाई हजारीबाग की ओर से राजेंद्र प्रसाद जयंती सप्ताह के पांचवें दिन, जिला महिला प्रकोष्ठ की ओर से मनोरंजन एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दुर्गा प्रसाद ट्रस्ट हॉल में आयोजित हुआ, इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सभी उप समितियां के अध्यक्ष अपने उप समिति से कायस्थ महिलाओं को लेकर के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई. कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर हमारे जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद , वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद रंजन, अनूप आनंद, विभूति सिन्हा ,रूपेश बिहारी लाल, शशिकांत सिन्हा, महिला अध्यक्ष अर्चना सिंहा एवं महिला महामंत्री रश्मि लाला ने की. विभिन्न उपसमितियों एवं जिला पदाधिकारी के सम्मिलित होने से कार्यक्रम में समरसता का समागम हुआ एवं इसमें मनोरंजन खेल एवं नृत्य गन का आयोजन हुआ . कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुपचुप खाने की प्रतियोगिता हुई. 1 मिनट में सबसे ज्यादा गुपचुप खाने की प्रतियोगिता हुई जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सभी को बहुत आनंद आया एवं अंत में सभी महिलाओं ने नृत्य का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व थी एवं सभी उम्र की महिलाओं का उत्साह प्रकाष्ठा पर थी. जिला महिला प्रकोष्ठ सभी उप समिति के अध्यक्षों एवं सभी प्रतिभागियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हैं।

## बसरिया पंचमाधव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, विधायक उमाशंकर अकेला हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचमाधव पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, स्थानीय मुखिया नीलम कुमारी, उपमुखिया पार्वती देवी, पंसस सुमिया देवी, बीएसओ संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी आदि शामिल हुए। विधायक उमाशंकर अकेला ने उपस्थित अतिथियों व अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर 100 लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 04 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया।जेएसएलपीएस के द्वारा एक सखी मंडल के बीच 600,000 रुपया का सीसीएल ऋण दिया गया। कल्याण विभाग के द्वारा 256 छात्रों के बीच 4500 रुपया प्रति छात्र को प्रतीकात्मक चेक दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई योजनाओं का आनस्पाट लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकार हर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। शिविर में अबूआ आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सावित्रि बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, संपत्ति/भूमि म्युटेशन आदि।

## चुनाव के पहले बदनाम करने की है साजिश : अंबा प्रसाद

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने एक दैनिक अखबार पर छपी खबर पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। दिन बृहस्पतिवार को रांची धुर्वा स्थित आवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि हजारीबाग के एक अधिकारी जो आजसु पार्टी के समर्थक हैं उन्होंने मेरे नाम की सुपारी ले रखी है और उन्हीं के इशारों पर मुझे टारगेट किया जा रहा है। विधायक ने हाउस गार्ड हटाने एवं सुरक्षा गार्ड काम करने के मामले का खंडन किया एवं कहा कि बगैर किसी सत्यता के अखबार में इस तरह से खबरें चलाना बिल्कुल भी सही नहीं है। अंबा प्रसाद ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए जिन्हें किसी तरह का धमकी मिला है वह आर्म्स लाइसेंस के लिए अप्लाई कर सकते हैं इस आधार पर मैंने कई महीनो पूर्व आवेदन दिया है लेकिन अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं हुई है। जहां तक बात रही आर्म्स लाइसेंस की तो वह राज्य के कई लोगों के पास है। सिर्फ अंबा प्रसाद एंड फैमिली बदनाम करने का प्रोपेगेंडा रचा जा रहा है, विरोधी नहीं चाहते हैं कि एक युवा ओबीसी महिला विधायक आगे बढ़ सके। विधायक ने कहा कि मेरे भाई को भी कई आपराधिक गिरोह से धमकी भरे मैसेज आए हैं इसीलिए सुरक्षा के लिहाज से लाइसेंस हेतु आवेदन दिया गया है लेकिन इतने संवेदनशील और गोपनीय मामले को एक अधिकारी के द्वारा लीक करने का कार्य किया जा रहा है जो कि काफी गहन चिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद समीक्षा की जाती है और अगर सुरक्षा के लिहाज से लाइसेंस देना सही रहता है तभी लाइसेंस मिलता है।

## हर आम नागरिक को अधिकार दिलाना लोकहित अधिकार पार्टी का मूल मंत्र : कुंज बिहारी साहू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत के ग्राम डोकाटंड में लोकहित अधिकार पार्टी का गांव-गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से डोर टू डोर मिलकर लोकहित अधिकार पार्टी के उद्देश्य को बताया जा रहा है। बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोकाटांड़ में संगठन को मजबूत करने को लेकर कमेटी गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष माथुर साव, उपाध्यक्ष राजेश साव, सचिव जयनंदन साव, कोषाध्यक्ष हिरामन साव एवं संरक्षक हरि साहू, त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर साव को बनाया गया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साव ने कहा सदियों से पिछड़ी, ओबीसी, दलित, आदिवासी जातियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हमारे भारतीय संविधान में इसे पाने का हर आम नागरिक को अधिकार दिया गया है। प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने कहा

## आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार के तहत लगाया गया हेल्थ कैंप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वारा कार्यक्रम के लिए विभिन्न प्रखंड के पंचायतों व हजारीबाग नगर निगम के वार्ड में आयोजित होने वाले शिविरों में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय के निर्देश पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाए जा रहे हैं। शिविरों में आने वाले लोग हेल्थ कैंप का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। ऐसा ही कैंप इचाक प्रखंड के कुरहा व परासी पंचायत में आयोजित शिविर में भी लगाया गया। वहां उपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया, हीमोग्लोबिन सहित अन्य प्रकार की निशुल्क जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने बताया कि 24 नवंबर से शुरू हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम दिन से उपायुक्त के निर्देश पर सभी शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जा रहा है।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर ओटी में नवजात बच्चा बदले जाने का विवाद आया सामने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर ओटी में नवजात बच्चा बदले जाने का विवाद सामने आया। इस बात की जानकारी संबंधित परिजनों ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। सूचना प्राप्त होते ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने दैनिक दिनचर्या के कार्यक्रम कई शादी समारोह में जाने के कार्यक्रम को स्थगित कर तत्काल तत्काल अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों और प्रबंधन से जुड़े चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी से बात कर तत्काल दोनों पक्षों से वार्ता किया। विधायक मनीष जायसवाल ने परिजनों को समझाया और उन्हें आश्वस्त किया की उन्हें न्याय मिलेगा। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार लेबर ओटी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी द्वारा पहचान करने और संबंधित परिजनों को नाम बताने में गलती हुई है। विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन से डीएनए टेस्ट कराकर उचित कारवाई करने की मांग भी किया है।

## एजेकेएसएस ने नई क्षेत्रीय कमेटी की सूची जीएम को सौंपा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडेय को गुरुवार एजेकेएसएस अरगड्डा क्षेत्रीय कमेटी की नई सूची सौंपी। अवसर पर यूनियन नेताओं ने कहां कि श्रमिकों के समस्या निष्पादन हेतु प्रबंधन सकारात्मक सोच के साथ आगे आए। जबकि दूसरी ओर संगठन सदस्य अपनी भागीदारी निभाने के लिए तैयार हैं। मौके पर आजसू के तिवारी महतो, यूनियन क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो, देवकुमार बेदिया, इंद्रजीत प्रसाद, रूपेश कुमार महतो, नागेंद्र सिंह, बिरजू साहू, राजा पाल, अजय सिंह उपस्थित थे।

## अरगड्डा में लगातार रिमझिम बरसात ने लोगो के दिनचर्या को किया प्रभावित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम आंफिस समेत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो में दूसरे दिन गुरुवार को भी लगातार रुक रुककर रिमझिम बारिस होती रही। इससे क्षेत्र में रहने वाले लोगो के दिनचर्या खासा प्रभावित हुई। ठिठुरन भरे मौसम में सीसीएल कामगारों अपने कार्य व बच्चों को स्कूल जाना पड़ा। बाईक गैराज के मेकेनिक, दुकानदार ठंड से बचने के लिए आग तापते देखे गए। बारिस के कारण दुकानदारी पर भी असर पड़ा, सड़कें, गली मोहल्लों पर सन्नाटा पसरा रहा। मुख्य सड़क पर दललली गढ्ढे निकल आए। इससे वाहनो के गुजरने में परेशानी हुई। राहगीरों को दिक्कतो का सामना करना पड़ा।

## सड़क दुघर्टना में सीडीपीओ व पर्यवेक्षिका घायल

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के पोचाथोल पंचायत में गुरुवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने जा रही सीडीपीओ सविता कुमारी सड़क दुघर्टना में घायल हो गई। उनके साथ महिला पर्यवेक्षिका सुभाषिनी हेंब्रम एवं कार्यालय के बड़ा बाबू भी चोटिल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक सीडीपीओ सविता कुमारी पर्यवेक्षिका सुभाषिनी हेंब्रम एवं बड़ा बाबू के साथ ई-रिक्शा टोटो से कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी। इसी दौरान रामपुर गांव के पास टोटो पलट गई। सीडीपीओ सविता कुमारी टोटो से दब गई। जिससे उनके एक पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई। वहीं पर्यवेक्षिका सुभाषिनी हेंब्रम एवं बड़ा बाबू को भी चोटें लगी। इलाज के लिए तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सीडीपीओ सविता कुमारी को बंगाल ले जाया गया है।

## पाकुड़ जेल में एडिशनल कलेक्टर एवं एसडीएम ने की औचक छापेमारी, जेल सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंडल कारा पाकुड़ में देर रात 11ः00 बजे से 1ः00 बजे तक औचक छापामारी अभियान चलाई गई। एडिशनल कलेक्टर मंजू रानी स्वांसी एवं एसडीएम हरिवंश पंडित के नेतृत्व में कैदियों के सभी वार्डो की सघन तलाशी ली गई।सभी वार्ड और एक-एक कैदियों के बेड और उनके सामानों की तलाशी ली गई। हालांकि तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामान नहीं पाई गई। जेल अधीक्षक एवं जेलर ललन भारती ने बताया कि मुख्यालय से मिली शख्त निर्देश पर जेल की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकाती की सख्ती से जांच पड़ताल करने के बाद ही उन्हें मिलने की अनुमति दी जाएगी।जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों ने भी जेल सुरक्षा की ऑडिट की है।ऑडिट के दौरान जेल सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जेल में लगे सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गई। छापेमारी अभियान में मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद के साथ 62 पुलिस के जवान के मौजूदगी में जेल में आवश्यक तलाशी अभियान चलाई गई।

## प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंसारुल हक ने अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को जनता दरबार लगाया। उन्होंने जनता दरबार में पहुंचने वाले फरियादों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर समाधान के लिए पहल किया। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंसारुल हक ने कहा कि एक जिम्मेवार पद पर आसीन होते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य बनता है। इसलिए हर बुधवार को जनता दरबार लगाया जाता है। इसमें आने वाले कोई भी फरियादी मायूस नहीं लौटे, इसी पर मेरा ध्यान रहता है। अध्यक्ष ने कहा कि मैं आम जनता से अपील करता हूं कि हर बुधवार को कार्यालय में पहुंचे और अपनी बातों को रखें।

# गरसुल्ला पैक्स के अध्यक्ष है रामविलास गोप, जिनपर लगा है आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत में इन दिनों सबकुछ सही नहीं चल रहा है। यहां गरसुल्ला पैक्स के अध्यक्ष रामविलास गोप पर ओमप्रकाश मुंडा,रंजू देवी, विकास कुमार ने गलत तरीके से पैसे अपने नाम करने का आरोप लगाया है।वहीं भुक्तभोगी विकास कुमार, ओमप्रकाश मुंडा,रंजू देवी ने रामविलास गोप को पत्र लिखकर व बैंक ऑफ इंडिया के खाते से भेजी गई रकम को दर्शाते हुए अपने पैसे को पुनः प्राप्त करने को लेकर आवेदन दिया है। वहीं इस पत्र में तीनों भुक्तभोगीयो ने लिखा है कि गरसुल्ला पैक्स में उपार्जन हेतु किसान पंजीयन का जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा निर्गत राशि तथा हमारे खाते में आए धान के पैसे को आपको वापस किये जाने का प्रमाण के तौर पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में लिखा गया है वहीं इस पत्र में पुर्व पैक्स अध्यक्ष जितनी देवी जो कि रामविलास गोप की मां है एवं उनके द्वारा गरसुल्ला पैक्स में धान उपार्जन हेतु पंजीयन किया गया था। जिसका अभी तक ग्रामीणो को पंजीयन रसीद नहीं दिया गया है। वहीं उपार्जन वेबसाइट पर ग्रामीणों को कितना धान निर्गत होता है और धान के बदले सरकार से कितने पैसे मांगाए जाते हैं इन सबका हिसाब किताब आपके द्वारा किया जाता है क्योंकि ग्रामीणों को उपार्जन साइट का आईडी पासवर्ड नहीं दिया गया है। हम ग्रामीणों ने आपसे बहुत बार पुछा कि मेरे और मेरी मां के नाम से हम जितना धान पैक्स में जमा करते हैं उससे ज्यादा मात्रा में धान का पैसा हमारे खाते में सरकार द्वारा क्यों भेजा जा रहा है।इस पर रामविलास गोप ने ग्रामीणों को बताया कि यह पैसा किसी और किसान का गलती से आपके खाते में आ गया है और इसे आप वापस कर दीजिए। वहीं ग्रामीणो ने जानकारी के अभाव में और आपके कहने पर जो भी पैसा हमारे द्वारा दिए धान को छोड़कर अतिरिक्त आए उसे हमने आपके मां जितनी देवी के खाते में व रामविलास गोप के खाते में एंव कुछ नगद राशि तथा आपके द्वार दिए गए अन्य लोगों के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। वहीं इसकी हम सभी ग्रामीणो को जानकारी नहीं थी इसलिए आपके कहे अनुसार व आपके बातों पर विश्वास कर हमने पैसे नगद निकालकर दिये। वहीं तीनों ग्रामीणो ने सरकार से मांग की है कि सरकारी पैसे का लेन-देन हमारे खाते से होने से आने वाले दिनों में हम ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आपसे निवेदन कहना है कि आपके द्वारा कहने पर जो भी पैसा हम सभी ग्रामीणो ने आपके खाते, नगद तथा दुसरे के खाते में ट्रांसफर कराए गए उसका सरकार द्वारा एवं आपके द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण एनओसी जल्द दे अन्यथा हम ग्रामीण कानूनी कार्रवाई को बाध्य होंगे।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा ने बिरसा कॉलेज स्टेडियम,खूंटी के समीप स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुरक्षा सम्बन्धित व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी वेयर हाउस के दरवाजे पर लगाए गए सील की जांच की। साथ ही उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी ली। त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगशर, सीसीटीवी आदि की वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के पश्चात विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुनाव संबंधितत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्य हेतु दस (10) प्रतिशत ईवीएम-वीवीपैट निकाले गये।

## बीडीओ ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** बीडीओ श्रीमान मरांडी ने गुरुवार को प्रखंड के धनघढ़ा गांव में कल्याण विभाग से संचालित पीवीटीजी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विद्यालय के पठन पाठन होस्टल की स्थिति सहित विद्यालय संचालक द्वारा बच्चों को दिये जाने वाले भोजन का जायजा लिया। बीडीओ ने बताया शिकायत मिला था कि बटेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय धनघढा के बच्चों को संचालक द्वारा अच्छी क्वालिटी का भोजन नही दिया जाता है। उसी को लेकर गुरुवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बच्चों को दिए जाने वाले भोजन, पठन पाठन ,होस्टल, रसोईघर की साफ सफाई सहित अन्य का जांच किया गया। जिसमे भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की साफ सफाई ठीक ठाक पाया गया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को और सुधारने को लेकर होस्टल इंचार्ज मिथलेश झा को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में नामांकित 100 बच्चों में 13 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। जिसमे बीडीओ ने प्रभारी प्राध्यानध्यापक नवीन किशोर हेम्ब्रम से अनुपस्थि के कारण पूछने पर बताया कि बच्चे कुछ दिनों से बीमार होने के कारण अभिभावक घर लेकर गए है। बीडीओ ने प्रधान शिक्षक से अनुपस्थित सभी बच्चों का पता एवं अभिभावक का मोबाइल नंबर शुक्रवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में सीपीआर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग और राधा गोविंद फार्मेसी कॉलेज में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में आपातकालीन जीवन रक्षा के बारे में जागरूकता और सीपीआर के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट से बचाने के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुनील सक्सेना, त्वचा विशेषज्ञ, रामगढ़ और डॉ. कौशल कुमार महतो, सहायक प्रोफेसर, राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ ने सीपीआर पर लाइव डेमो दिया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि सीपीआर आपातकालीन स्थितियों में शरीर में रक्त संचारण और ऑक्सीजन को बहाल करके जीवन बचाता है। सीपीआर बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसकी जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए।कुलपति प्रो. (डॉ). शुक्ला महन्ती ने कहा की सीपीआर बेहोश व्यक्ति को पुनः चेतना लाने में मदद करता हैद्यजिससे उनके जीने की संभावना बढ़ जाती है।कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कार्डियक अरेस्ट से बचाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और धूम्रपान निरोधक उपायों पर जोर दिया । फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता साई प्रकाश पाणिग्रही ने किया।

## जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय चितरपुर में गुरुवार को जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सामाजिक विज्ञान संबंधित विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई।जिला स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों एवं बच्चों को नई शिक्षा नीति के मुख्य पहलुओं की जानकारी दी वहीं उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों की रुचि को पहचानते हुए उन्हें उनके पसंद के क्षेत्र में ही किस प्रकार से सफलता मिले। इसके लिए रचनात्मक तरीके से उन्हें तैयार करने की अपील की वहीं उन्होंने नियमित रूप से इस तरह के प्रदर्शनी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों के शिक्षा व रचनात्मकता के स्तर को और ऊपर ले जाने की अपील की। प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने सामाजिक विज्ञान विषय पर आयोजित प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक्सर हम जब प्रदर्शनी की बात करते हैं तो हमेशा विज्ञान संबंधित मॉडल ही हमारे ध्यान में आते हैं। लेकिन अगर हम ध्यान पूर्वक देखें तो हम पाएंगे कि हमारे आसपास के माहौल में या कहें कि हमारे समाज में विज्ञान संबंधित कई चीज़े हैं ।

## डीएसपी एवम अधिवक्ता ने मिलकर किया विवाद का पट्टाक्षेप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के द्वारा एक कल की घटना के विरोध में एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के यहां सुबह 12ः00 बजे प्रेषित किया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक अभियोजक ब्रह्मदेव यादव अपर लोक अभियोजक आलोक राज एवं थाना प्रभारी रामगढ़ रोहित कुमार के माध्यम से डीएसपी संजीव मिश्रा एवं अधिवक्ता भैरव ठाकुर के बीच हुए विवाद का मध्यस्थता कर विवाद का पटाक्षेप किया गया जिसके तहत मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा , लोक अभियोजक ,अपर अभियोजक थाना प्रभारी जिला अधिवक्ता संघ के भवन में आए एवं मुख्यालय डीएसपी संजू मिश्रा द्वारा कल की घटित घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं से खेद प्रकट किया एवं उक्त घटना की पुर्नवृत्ति नहीं होगी इसका आश्वासन दिया एवं अधिवक्ता एवं पुलिस के बीच मधुर संबंध बना रहे ऐसा उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुरोध किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल एवं महासचिव सीताराम ने विवाद के सुलह होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन को जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अधिवक्ताओं का मान सम्मान का भविष्य में ख्याल रखना चाहिए ।

## यह कश्मीर के विस्थापितों को अधिकार और प्रतिनिधित्व देने का बिल है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 को विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया।अमित शाह ने बुधवार को बिल के पक्ष में जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि, 'यह बिल कश्मीर के विस्थापितों को अधिकार और प्रतिनिधित्व देने का बिल है। पहले अगर जरूरत हो तो सिर्फ महिलाओं को 2 सीटें दी जाती थी, नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 3 सीटें और अपॉइंट करने की डिलिमिटेशन कमीशन की सिफ़ारिश को बिल में परिवर्तन करके कानूनी जामा पहनाने का काम किया है, जिसका समर्थन प्राप्त करने के लिए इस महान सदन का समर्थन जरूरी है। पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में 5 और 6 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर उन सभी वंचितों की आवाज सुनी गई है, जिनको 70 सालों से नहीं सुना गया। जिन लोगों को जूते में पड़े कंकड़ की तरह धारा 370 हटाना खटकता है, उन्हें समझना चाहिए कि इसी बिल का हिस्सा था न्यायिक डिलिमिटेशन। इतिहास में पहली बार 9 सीटें शेड्यूल ट्राइब के लिए आरक्षित की गई हैं और अनुसूचित जनजातियों के लिए भी सीटों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। जम्मू में पहले 37 सीटें थीं, अब 43 सीट कर दिया गया है। कश्मीर में पहले 46 सीटें थीं, अब 47 सीट हुई है। साथ ही, पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को रिजर्व रखा गया है। पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 107 सीटें थी, अब 114 सीटें हुई है। पहले 2 नॉमिनेटेड मेंबर हुआ करते थे, अब इसमें 5 नॉमिनेटेड मेंबर होंगे।

## बारिश के बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** रिमझिम बारिश के बीच गुरुवार को प्रखंड के पलियादहा पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लगातार हो रही बारिश के कारण शिविर पंडाल से हटाकर पंचायत भवन में सिफ्ट किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का अयोजन बीडीओ साइमन मरांडी के देखरेख में किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कालिदास मरांडी, बीडीओ साइमन मरांडी, बीईईओ मार्सिला सोरेन, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, आदि थे।


पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

ई–निविदा संख्या : एसएण्डटी–सी–डीएचएन–16

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके के लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई–निविदा संख्या : एसएण्डटी–सी–डीएचएन–16, कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में कोडरमा–महेशमुंडा खंड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ कोडरमा टाउन और नवाडीह स्टेशन पर सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन (इनडोर और आउटडोर) की पुनर्स्थापन कार्य। अनुमानित लागत : ₹5,74,32,230.26, अमानत राशि : ₹4,37,200/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIL, कार्य निस्पादित करने का समय : 06 महीना, ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 27.12.2023 को 12:00 बजे तक।

विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/
निर्माण/पूमरे/धनबाद

पीआर/01809/सीडीएचएन/एस एण्ड टी/टी/23–24/32



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि पी०आर०नं० Pr. No. 312117 Drinking Water and Sanitation(23-24)-D के द्वारा ई–निविदा (द्वितीय आमंत्रण) निविदा संख्या – 12 of 2023-24 प्रकाशित की गई थी एवं https://jharkhandtenders.gov.in/ में Upload किया गया था। जिसके Group No. 1 से Group No. 4 तक एतद द्वारा अपरिहार्य कारणवश पुनर्निविदा हेतु स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोन्दा,राँची

PR 312911 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Furniture/2023/572
Date: 04th December, 2023
Tender ID: - GEM/2023/B/4133693 PR No.: - 309787

Corrigendum- 2

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 2 is released for tender having details as mentioned above for "Procurement of office furniture for JUIDCO Ltd under JUWSIP". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 02 can be referred from the Government e-Marketplace (GeM) website https://gem.gov.in/

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR312975 (Urban Development and Housing)23-24*D


# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के सिकनी पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश जिला कृषि पदाधिकारी दुलमी बीडीओ सुनिल प्रजापति सीओ मदन महली जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान विधायक प्रतिनिधि के रुप में पंकज कुमार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को पक्के मकान मिलें इसके लिए पहले चिन्हित करे तब उन्हें लाभ दे उन्होंने कहा कि शिविर में बैंक वाले का भी एक अलग से स्टॉल लगाया जाए ताकि लोगों को स्वराज सहित अन्य योजना का लाभ मिल सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि लाभुकों को प्रखंड कार्यालय तक ना जाने पड़े। इसके लिए लाभुकों के आवेदन के अनुरूप जल्द से जल्द निपटारा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि इसका लाभ लोगों को मिल सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहा सभी योजना को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि इसका लाभ लोगों को मिले यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक राशन कार्ड जॉब कार्ड कंबल धोती साड़ी प्रधानमंत्री आवास अम्बेडकर आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कार्यक्रम के बारे लोगो को जानकारी दी। मौके पर सीडीपीओ पुनम कुमारी उमुखिया उमाशंकर महतो पंचायत सेवक बासुदेव महतो ममता कुमारी झमन लाल महतो रोज़गार सेवक कलाम अंसारी धोराय महतो व सौकंडों ग्रामीण मौजूद थे।

### सयाल उतरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# ग्रामीणों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सयाल उतरी पंचायत पंचायत में गुरुवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद व विशिष्ट अतिथि में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता मुखिया आशा देवी,पुर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद थे एवं सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता ने बताया कि सरकार आपके द्वार के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को स्टॉल के माध्यम से ऑन द स्पॉट दिया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। योग्य लाभुक ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें, इसलिए सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम विभिन्न प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित किया जा रहा है। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम प्रखंडों में ही नहीं बल्कि राज्य के सभी प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित किये जा रहे हैं।जिससे योग्य लाभूक लाभान्वित होकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सके। उन्होंने रोजगार सृजन हेतु योजनाओं के तहत बेरोजगार युवकों से आवेदन कर लाभान्वित होने की अपील की। उन्होंने आम जनों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाने लखाने का कार्य करें। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी लोगों को सम्मान मिला है। दिव्यंगता पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यागी महिला को पेंशन, वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को पेंशन आदि देकर लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है।वही इस दौरान कई ग्रामीणो का आन द स्पॉट समस्याओ का निवारण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद मुख्य पथ पर गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों युवक बाइक पर सवार होकर जिम करने कर्णपुरा जा रहे थे।इसी दौरान दूधिटांड़ मोड़ के पास गिरीडीह की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बाइक पर सवार बेंगाबाद के पाण्डेयडीह निवासी पांचू रजक का पुत्र 17 वर्षीय दीपक रजक की मौत मौके पर हो गई।वहीं रातडीह निवासी शिवशंकर मंडल और बड़कीटांड़ निवासी रंजीत यादव घायल हो गए।शिवशंकर मंडल की स्थिति चिंताजनक बताई जाती है। वहीं, रंजीत यादव को मामूली चोट पहुंची है।बताया गया कि टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग निकला।बेंगाबाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीण का कहना है कि प्रशासन तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वाले पर कार्रवाई नहीं करने के कारण यह दुर्घटना होता है प्रशासन की रोकथाम के लिए इतना कामयाब दिख रहा है।

## केंदुआ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़े लोग, कई लाभुकों को सौंपी गई डमी चेक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के केदुआ पंचायत भवन में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधिवत रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, अंचलाधिकारी सारांश जैन, जिप सदस्य साजदा खातून एवं स्थानीय मुखिया सहदेव यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। इस बीच अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ लेने हेतु आवेदन किया। अलबता इस कार्यक्रम में रोजगार सेवक दीनदयाल वर्मा की अनुपस्थित चर्चा का विषय बना रहा। रोजगार सेवक के नहीं रहने से जहां लोगो को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी, वही रोजगार सेवक दीनदयाल वर्मा से जब फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। स्थानीय मुखिया सहदेव यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में आबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का, पशुधन योजना समेत हर विभाग का आवेदन प्राप्त हुआ। आपको बता दें कि हर विभाग के द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम में कल्याण विभाग द्वारा साइकिल योजना के तहत कुल 44 छात्र-छात्राओं के बीच चार हजार पाँच सौ रु का डमी चेक का वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत पेंशनधारियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मुखिया सहदेव यादव द्वारा उपस्थित लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सलीम अंसारी, उपमुखिया मोहम्मद सिराज अंसारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रागिब हसन, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जलसहिया व सहिया, पंचायत सचिव उमेश मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा, सभी वार्ड सदस्यों समेत पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल के 18 इको बाल योद्धाओं ने 'बी इको मैटिक' कार्यशाला में किया शिरकत



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संस्कृति विद्या मंदिर में बी इको मैटिक के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यशाला हरित विद्यालय के अंतर्गत टेरी एवं टीएसएफ के अधिकारियों के अवलोकन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा में उपस्थित सभी टेरी,टीएसएफ एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई की प्राचार्या ने कहा कि यदि हम ऊर्जा संरक्षण पर कार्य नहीं करते हैं तो हम खुद को अंधकारमय भविष्य से नहीं बचा सकते तथा उन्हें प्रसन्नता है कि उनके स्कूल के बच्चे इस क्षेत्र में अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। डीएवी मॉडल स्कूल से 18 इको बाल योद्धा तथा मेजबान स्कूल से 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।डीएवी मॉडल स्कूल के बच्चों ने ञ्श्वत्र्ख्र एवं ञ्सस्न्न, धनबाद के अधिकारियों की उपस्थिति में घरों में होने वाली बिजली की खपत एवं बिजली खपत लेखापरीक्षा के संदर्भ में विविध गतिविधियों के द्वारा समझाया।वहां उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों की प्रशंसा की तथा उनके मनोबल को भी बढ़ाया। टेरी अधिकारी श्री शुभम कुमार ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत मंशा की व्याख्या कर,बिजली संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही। आदि सत्य प्रकाश, इको क्लब प्रभारी, डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई ने सभी टेरी एवं टीएसएफ के अधिकारियों को उनके अतुलनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को भी ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विधि कुमारी (टेरी) एवं संजय कुमार (टीएसएफ) भी मौजूद थे।

## पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर मुख्तार ने किया भोजन वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के पिता स्व इकबाल अहमद की प्रथम पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर उन्होने अपने आवास पर कुरानखानी और मिलाद के कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे कई लोग सम्मिलित हुए और सांतव्ना व्यक्त की। वहीं श्री मुख्तार ने अपने स्वर्गीय पिता की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की तथा पुण्य के उददेश्य से सैकड़ों ज़रूरतमंद लोगों के बीच भोजन पानी आदि का वितरण किया। मौके पर विशेष रूप से हाजी ज़मीर आरिफ, शादाब आलम, नुमान खान, मनऊवर अख्तर, सरफराज नवाज, तनवीर आलम, महफूज आलम, मो शकील आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीह पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार




**साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर करते थे ठगी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ज़िले में लगातार साइबर अपराधियों को कर रहे हैं गिरफ्तार । इसी क्रम में गुरुवार को पपरवाटांड कार्यालय में प्रेस वार्ता कर एसपी दीपक कुमार शर्मा ने जानकारी दी की गिरिडीह पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 12 साइबर अपराधियों को दबोचा।वही उन्होंने बताया कि सभी साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने, एयरटेल पेमेंट बैंक के मित्र ऐप के जरिए ठगी करने, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने के अलावा अलग-अलग तरीके से लोगों से ठगी करते थे। इन सभी साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 19 मोबाइल फोन, 33 सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड, पांच बाइक और 2 लाख 19 हजार रुपए नगद बरामद किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के कोलडीह निवासी पवन कुमार राणा, गांडेय थाना क्षेत्र के भरकुंडा निवासी मोहम्मद शमशाद अंसारी, भरकुंडा के ही सज्जाद अंसारी, गांडेय थाना क्षेत्र के सज्जाद अंसारी, गांडेय थाना क्षेत्र के कुलजारी निवासी सलामत अंसारी, बुढ़ई के झिलुआ निवासी सच्चिदानंद कुमार मंडल, उत्तर प्रदेश के खरगपुरा थाना क्षेत्र के झरीकुंआ निवासी दीपक वर्मा, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महदैया निवासी नितेश कुमार और पंकज कुमार मंडल, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के पिपरासिंघा निवासी मुकेश मंडल, गांडेय थाना क्षेत्र के रकसकुटो निवासी निर्मल कुमार मंडल, ताराटांड़ थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर मोड़ निवासी रूपेश मंडल और ताराटांड़ थाना क्षेत्र के झितरी निवासी सोहन शामिल है।एसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी, प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो, प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि सुबह दे, पुअनि सरोज मंडल, पुअनि गौरव कुमार, सअनि संजय मुखियार, साकेत वर्मा, जितेंद्र नाथ महतो, आशुतोष कुमार रंजन एवं हवलदार सुरेश यादव शामिल थे। बता दें कि गिरिडीह में लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई से साइबर अपराध की दुनिया में हड़कंप मचा हुआ है।

## 19 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### शनिवार को होने वाली थी शादी

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत के नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र के बघेडीह गांव में गुरुवार के अगले सुबह लगभग 4ः00 बजे 19 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी काजल कुमारी महेंद्र मंडल की बड़ी पुत्री थी जो क्रसेमेस्टर वन की छात्रा थी । आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है । काजल कुमारी की मां शांति देवी ने बताई की हर दिन की तरह रात में खाना खाकर अपने कमरे मैं सोने गई थी । सुबह जब उसके कमरे में झाड़ू लगाने के लिए गए तो पंखे से फांसी की फंदा से झूलता मिला । बताया गया कि शनिवार को बजने वाली थी शहनाई के धुन उसके दो दिन पूर्व बेटी ने कर ली आत्महत्या किशोरी की शादी लगभग तीन माह पूर्व धनबाद के टुंडी अंतर्गत सोने गांव में विजय मंडल के साथ तय हुआ था गुरुवार से हल्दी (मेहंदी )की रस्म प्रारंभ होने वाली थी। मृतक काजल महेंद्र मंडल की एकमात्र पुत्री थी जिसकी शादी को लेकर परिजन काफी उत्साहित थे एवं भाव पंडाल और दान दहेज में देने वाले पलंग ,गोदरेज, एलइडी टीवी,बर्तन सभी की खरीदारी हो चुकी थी वही अतिथि भी पहुंच चुके थे घर में सभी का चेहरा पर शादी के प्रति काफी उत्साहित था जो कि गम में परिवर्तन हो गया। इस दुःखद घड़ी मे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं सूचना मिलते ही नवडीहा ओपी प्रशासन दलबल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गई है । इधर एक 19 वर्षीय लड़की के आत्महत्या को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन की मांग पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर प्रखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर की सूची हुई जारी

### 28 नवंबर को प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह सिविल सर्जन डॉ. एस पी से मिलकर की थी मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीते 28 नवंबर को गिरिडीह के सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर जिले के सभी प्रखंडों में दिव्यांग लोगो के लिए शिविर के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की थी । वही इस बाबत हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन के मानवाधिकार व एंटी करप्शन सेल के जिला अध्यक्ष राजेश सिन्हा व जिला कॉर्डिनेटर रमेश दास ने बताया की जिले में लोगो द्वारा हमेशा शिकायत मिलती हैं की दिव्यांगो को सिविल सर्जन कार्यालय के सैंकड़ों चक्कर काटने पड़ते हैं वही बिना मुद्रा व बिचौलिए के बिना कार्य नही होता हैं । इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए यह मांग रखी गई थी। वही कहा की खुशी की बात हैं की बुधवार देर शाम शिविर की तिथि व चिकित्सको की सूची को सिविल सर्जन द्वारा जारी किया गया हैं।वही आशा करते है जो मुकवाधीर हैं उनके लिए भी विभाग जल्द व्यवस्था कर तिथि जारी करेगा व सभी शिविर में हमारी टीम के लोग भी लोगो की मदद में तत्पर रहेंगे ताकि अच्छे से सभी दिव्यांगों को इसका लाभ मिल सके । समय समय पर हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन लोगो की सेवा में और जरूरत में उनके हक के लिए आवाज बनता रहेगा ।

## महाप्रबंधक ने राजेंद्रनगर टर्मिनल से झाझा तक किया फुट प्लेट निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दिनांक 06.12.202× को रात्रि राजेंद्रनगर टर्मिनल से 09.25 बजे खुलने वाली 12×52 राजेंद्रनगर टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस से राजेंद्रनगर टर्मिनल से झाझा तक फुट प्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने लोकोमोटिव के प्रदर्शन, गतिशीलता सहित संरक्षा से जुड़े अन्य तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की। उन्होंने लोको पायलट/सहायक लोको पायलट की दक्षता और संरक्षा संबंधी जानकारियों को परखा । फुट प्लेट निरीक्षण का मुख्य उद्देष्य रेलवे ट्रैकों की स्थिति, सिगनलों की फोकसिंग, स्टेषन मास्टर, गेट मैन की सजगता, पुल-पुलियों की स्थिति, लागू गति प्रतिबंधों का लोको पायलट द्वारा कड़ाई से संपूर्ण अनुपालन, रेलवे ट्रैक का रख-रखाव कार्य एवं ट्रैक पेट्रोलिंग सहित रेल संरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं की जांच करना है । इसी



कड़ी में महाप्रबंधक आज दिनांक 07.12.202× को कोलकाता पहुंचे जहां उन्होंने कोल इण्डिया लिमिटेड के सीएमडी के साथ आज एक उ`चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोयला के सुगम परिवहन, विद्युत घरों को कोयला की और तेजी से आपूर्ति सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज कोलकाता में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार मिश्रा के साथ समन्वय बैठक भी की ।

## दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन रेंबा के डायरेक्टर रांची में हुए सम्मानित

*दिनेश्वर वर्मा कॉलेज रेम्बा को झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित।*

*दिनेश्वर वर्मा कॉलेज के निदेशक हुए सम्मानित, कॉलेज में जल्द ग्रैजुएशन ,पोस्ट ग्रैजुएशन एवं अन्य रोजगार परक सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स होगी संचालित ।*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** जमुआ प्रखंड रेम्बा- झारखंड राज्य खुला विश्विविधालय रांची ,झारखंड सरकार द्वारा बुधवार को प्रथम वार्षिक सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुशामी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एवं वोकेशनल एजुकेशन रेम्बा के निदेशक श्री दीनदयाल प्रसाद को झारखंड राज्य खुला विश्वविधालय रांची के कुलपति डॉ टी एन साहू एवं कुलसचिव डॉ घनश्याम सिंह जी हाथो बेहतर मोमेंटो एवं लैपटॉप दे कर सम्मानित किया गया । ज्ञात हो दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन की स्थापना अगस्त में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के स्टडी सेंटर के रूप में हुई है और इस अल्प समय में इस सेंटर द्वारा बेहतर परफॉर्मेंस दी गई है जिसके उपलक्ष्य में सम्मान दी गई। जल्द ही दिनेश्वर वर्मा कॉलेज ऑफ हायर एंड वोकेशनल एजुकेशन रेम्बा में अभी संचालित कोर्सेज के अलावा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी एवं अन्य के सौजन्य से ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन एवं अन्य रोजगार परक सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स लॉन्च की जा रही है ताकि ग्रामीण तबके के युवा एवं छात्र छात्रा को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

## द्वारिका यादव का पांचवीं पुण्यतिथी मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के उच्च विद्यालय करनोडीह में अयोजित स्व द्वारिका यादव यादव का पांचवां पुण्य तिथि मनाई गई। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि शामिल हुए बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो।

उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किए।कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने स्व द्वारिका यादव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे संघर्षशील व्यक्ति थे।

सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनकी कमी अब तक समाज को महसूस हो रही है। उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने की बात कहा।

इस पुण्यतिथी के कार्यक्रम में धनबाद के मशहूर डॉ आई0के0 सिंह जेनरल फिजिशियन के द्वारा शुगर,ब्लडप्रेसर, हार्ट, पेट, छाती,एवं कान से संबंधित बीमारी का जांच कर मुफ्त में इलाज किया गया।

साथ मे खून जांच में शुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच भी मुफ्त किया गया। साथ ही असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया गया।

## छत्रुटांड़ पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा अभियान का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा अभियान के तहत आज बाघमारा प्रखंड अंतर्गत छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित हुई।जिसमें डीआरडीए निदेशक मुमताज अली, बाघमारा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ.सुषमा आनंद, उपसमाहर्ता मुरारी नायक पंचायत की मुखिया नंदिनी कुमारी, पंचायत सचिव लालचंद महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुभाष प्रसाद डीपीओ नसीम मनरेगा बीपीओ लक्ष्मी सिंह आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मंजू कुमारी एवं खुशनुदा बेगम, बीएलओ सुपरवाइजर भागीरथ सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, अमर पासवान, रोजगार सेवक शंकर मोहली ,के अलावे सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम की शुभारंभ सभी आगंतुकों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी विभागों में आवेदन पत्र जमा करना शुरू किया। इतनी भारी बारिश में भी लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने भारी मात्रा में अबूआ आवास रोजगार गारंटी कानून के तहत जॉब कार्ड, राशन कार्ड,पेंशन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन भरे।

## असफर्फी कैंसर संस्थान के द्वारा चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन, कैंसर के प्रति लोगों को किया जागरुक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बाटा मोड़ झरिया (माली टी स्टाल) में असर्फी कैंसर संस्थान के द्वारा ÷चाय पे चर्चा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ÷चाय पे चर्चा÷ का मुख्य विषय कैंसर के प्रति जागरूकता था।जागरूकता कार्यक्रम में लोगो को विशेष रूप से यह बताया गया की अब कैंसर रोग का इलाज़, वही तरिका वही इलाज़ के तर्ज़ पर असर्फी कैंसर संस्थान धनबाद में उपलब्ध है। जिससे अब लोगो को कही दूर या बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। बारिश के मौसम में भी चर्चा में सैकड़ो लोगो ने भाग लिया और कैंसर से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियों पर चर्चा की। बताया की कैंसर रोग धूम्रपान, असामान्य जीवनशैली, वायु प्रदूषण इत्यादि की वजह से बहुत ही तेज़ी से फ़ैल रहा है जबकि कैंसर रोग ठीक करने की काफी संभावनाएं है, यदि शुरुआत में ही जांच कराया जाए। असर्फी कैंसर संस्थान के प्रतिनिधि ने कैंसर रोग से संबंधित जानकारी के तहत जांच कराने पर विशेष ज़ोर दिया। चाय पे चर्चा कार्यक्रम की लोगो



ने काफी सराहना की और इस तरह के कार्क्रम को लगातार आयोजित करते रहने का सुझाव भी दिया। असर्फी कैंसर संस्थान मे सभी प्रकार के कैंसर की सर्जरी की सुविधा उपलब्धहै। असर्फी कैंसर संस्थान द्वारा आयोजित चाय पे चर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने में माली टी स्टाल के दीपक कुमार मालाकार का सराहनीय योगदान रहा। वाईस प्रेसिडेंट शुभांशु रॉय, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव मुकेश रवानी, ब्रांडिंग टीम के राहुल आनंद एवं मौसम कुणाल ने असर्फी कैंसर संस्थान द्वारा आयोजित चाय पे चर्चा कार्यक्रम में कैंसर के प्रति लोगो को जागरूक किया।

## नम आंखों से मनाई गई बाबा साहेब का 68वीं पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा के मुर्लीडीह 20/21अम्बेडकर चौक में अम्बेडकर विचार मंच द्वारा देश के शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर का 68वां पुण्यतिथि मनाया गया। इस दौरान उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मर्यालपन किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष अब्दुल समद अंसारी ने बताया कि बाबा साहब भारत के एकमात्र ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने देश के सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिलाया। उन्होंने ऐसे समय मे शिक्षा हासिल की जब देश मे काफी भेदभाव का माहौल था। उन्होंने संदेश दिया कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो। आज देश के हर परिवार में यह संदेश जाना चाहिए कि एक वक्त कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें। क्योंकि शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेंगे। मौके पर उमेश तुरी, अरुण दास, ज्ञान प्रकाश, रमजान अंसारी,राहुल राय, फ़िरोज अंसारी, मो0 नदीम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रन फॉर क्लीन एयर का आमंत्रण लेकर झरिया विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ 14 दिसम्बर को आयोजित रन फ़ॉर क्लीन एयर को लेकर गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह से मिला एवं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने पर सहमति जताई। झरिया में वायु प्रदूषण की स्थिति का उल्लेख करते हुए आवेदन दे कर इस मुद्दे को विधानसभा के पटल पर रखने की अपील की गई। आवेदन में कहा गया कि झरिया के चारो तरफ आउटसोर्सिंग के तहत कोयला की खुली खदानों मे खनन चल रही है जिसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। जला हुआ कोयला का राख ओवर बर्डेन के साथ शहर की घनी आबादी के नजदीक गिराया जा रहा है। ऊँचाई पर सुखी राख गिरने के कारण धूल कण उड़ कर शहर में प्रदूषण फैला रहा है जिसके कारण यहाँ के निवासी गंभीर बिमारीयों के शिकार हो रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि यदि ओबी को पानी के साथ गिराया जाए तो प्रदूषण को रोका जा सकता है।प्रतिनिधि मंडल में ग्रीन लाइफ झरिया के डॉ मनोज सिंह, संस्था युथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद, चौबीस घंटे आई केयर के डॉ दिलीप कुमार मुख्य रूप से थे।

## बौद्धिक दिव्यांगजन अभिभावक जागरुक शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** भविष्य किरण संस्था के तत्वाधान में गुरुवार को पुटकी स्थित श्रमिक क्लब में बौद्धिक दिव्यांगजन अभिभावक जागरूक अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 में पदस्थापित क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक अभियंता अरुण कुमार केसरी के पुत्री अमृता केसरी एवं धर्म पत्नी वंदना केसरी ने दिव्यांग बच्चों से मिला एवं उनके दिनचर्या की जानकारी ली।



अमृता केसरी ने कहा दिव्यांग कोई श्राप नहीं है।

आप भी अपने भविष्य को बना सकते हैं। मेहनत के बल पर आप भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। दुनिया में असंभव कुछ भी नहीं है। उन्होंने समारोह में कुछ जरूरतमंद महिला एवं पुरुष के बीच भोजन एवं कंबल वितरण किया।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांधकर दरवाजे तक पहुंचाने का किया जा रहा है काम : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वन विभाग, श्रम नियोजन विभाग एवं मत्स्य विभाग द्वारा शिविर नहीं लगाए जाने पर भड़के विधायक, कारवाई करने का दिया निर्देश सिमडेगा प्रखंड के केशलपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर में भारी बारिश के बावजूद काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा, एसडीओ महेद्र छोटन उरांव उपस्थित थे। उन्?होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक वन विभाग, श्रम नियोजन विभाग एवं मत्स्य विभाग द्वारा शिविर में स्टॉल नहीं लगाए जाने से विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही दोनों विभाग को स्पष्टीकरण पूछते हुए कारवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हम और हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांधकर आपके दरवाजे तक ले कर जा रही है। इसके अलावे आपकी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लाखों आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ मिलकर जिले के विकास की जड़ें को सींचने का काम किया जा रहा है। हमारे पुरखों, बाफ दादाओं के सपनों को साकार करते हुए जिले को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में यहां के गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, माता-बहनें, व्यापारी सभी को ध्यान में रख कर योजना धरातल पर उतारा जा रहा है। आदिवासी-मूलवासी के हक व अधिकार का सम्मान किया जा रहा है। हमारा सपना सिमडेगा जिले को विकसित जिले की ओर ले जाना है। आप सभी जनता मेरे मालिक हैं। सरकार की योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े हमारे मालिक हमारी जनता तक पहुंचाना है। आप तमाम जनता सरकार के इस अभियान से जुड़कर आप सरकार की योजनाओं का लाभ लें। आप सभी से एक बार पुनः आग्रह है कि अपने साथ साथ आस पड़ोस के हर जरूरत मंद साथियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। विधायक ने कहा कि जहां पहले जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था, वहां आज पदाधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को बोरा में भर भर कर और गठरी में बांधकर आपके दरवाजे तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मौके पर, प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ इम्तियाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष भूषण राम, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को एसडीओ महेन्द्र छोटन उरांव ने भी संबोधित किया। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की ग्रामीणों से अपील की। ***सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का किया जा रहा है काम- जोसिमा खाखा*** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में महागठबंधन सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू किया है।

## मसमानो में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड के मसमानो पंचायत स्थित मसमानो बाजार बगीचा मे गुरुवार को आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मनरेगा, आवास, कृषि, स्वास्थ्य,बाल विकास सहित कुल 20 विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभिन्न विभागों द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुखिया ममता कुमारी व गांव के वृद्ध ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि गांव किसी भी राज्य के जड़ होते हैं। गांव सशक्त होगा तभी राज्य मजबूत होगा। सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस कड़ी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज पदाधिकारी आपकी समस्या का समाधान आपके द्वार पर कर रहें हैं। चंद घंटों में आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा की सभी पंचायत और गांव में शिविर का आयोजन हो रहें हैं, ताकि अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की सरकार आपके द्वार के विगत दो चरणों में लाखों आवेदन प्राप्त हुए थे। आपकी समस्यायों के समाधान हेतु आपके द्वार पहुंच रही है। जरूरतमंदों को आवास, युवाओं की शिक्षा के लिए हजारों की संख्या में कॉलेज, लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति समेत अन्य जन कल्याण कार्य जनता दरवार मे निष्पादन हो रहे है।

## मिचांग चक्रवाती तुफान से आम-जनजीवन त्रस्त फसलों के भी क्षति की संभावना



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड क्षेत्र मे 06 एवं 07 दिसंबर को चक्रवाती तुफान मिचांग के प्रभाव से प्रखंड क्षेत्र मे हल्की वारिस के कारण अचानक मौसम के करवट बदलने के करण आम जन-जीवन अस्त व्यस्त एवं ठंढ बढ़ने के लग रहे हैं आसार,वही किसानो के फसल मटर, आलू, गोभी एवं टमाटर के फसल की भी क्षति पहूँचने की संभावना मालुम प्रतीत हो रहा है वैसे तो मौसम विज्ञान के अनुसार चक्रवाती तुफान मिचांग का प्रभाव 07 दिसंबर तक बताया जा रहा है,बावजूद यदि प्रभाव बढ़ा तो अनेक ग्रामीणो के कच्चे आशियाने गिरने की भी सम्भावनाएं मालुम प्रतीत दिखाई दे रही है।इस संबंध मे किसान सत्यनारायण साहू,पन्चू उराँव,साजिद अंसारी,बहूरण राम इत्यादि किसानों का कहना है कि इस चक्रवाती तूफान से लगे हुए मटर और टमाटर जो फुल फल रहें हैं के फुल झड़ सकते हैं जिससे पैदवार मे भी कमी आयेगी,वही रोपाई किये गये मटर के बीज अत्यधिक वारिस से सड़ भी सकते हैं,जिससे पौधे भी नहीं उग पायेंगे। वही इस तुफान से कैरो प्रखंड क्षेत्र मे नहर के प्रभाव वाले क्षेत्र मे उपजे धान की फसल को भी क्षति पहूँचने की सम्भावनाएं मालुम प्रतीत दिखाई दे रही है। कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र मे तुफान से जहाँ आम जन-जीवन,कृषि कार्य को जहाँ एक और क्षति पहुंच रही है,वही दुसरी और पशुधन मे गाय,बैल,बकरी,भैंस इत्यादि मवेशियों को भी वारिस मे घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है जिससे चरागन हेतू समस्या भी आन खड़ी हो गई है।

## चक्रवाती तूफान के कारण जनजीवन पर पड़ा व्यापक असर

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रवाती तूफान मिचौग के कारण प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से रुक रुक हो रही लगातार वर्षा से आम जनों का जन जीवन में काफी असर हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को घरों से निकलना दूभर हो गया है। आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही लगातार हो रही बारिश से खेती भी प्रभावित हो रहा है। किसानों का फसल पर बारिश का भी असर होने लगा है। खेतों में लगे आलू,मटर व अन्य सब्जी फसल को काफी नुकसान हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र में इस समय अधिकांश मात्रा में किसान आलू और मटर की खेती करते हैं जिसे कुछ किसानों के खेतों में मटर का खेती लगभग तैयार है और ऐसी स्थिति में बारिश होने पर अधिकतर मटर की खेती को नुकसान होने की संभावना रहती है। लगातार हो रही बारिश से विद्यालय, बैंक, कार्यालय तथा क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार सभी प्रभावित हुआ है। क्यों कि तूफानी बारिश के कारण लोग न तो बाजार जा पा रहे हैं और न ही बैंक, ऑफिस ही जा पा रहें हैं। जिसे सभी जगहों पर लोगों की उपस्थिति कम दिख रही है। नित्यदिन का सभी काम रुका हुआ है खास कर मवेशी पालकों को गाय, बैल, बकरी को खिलाने चराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही खेत खलिहान में पानी जमा होने के कारण धान भींगने से नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है की इस समय हो रही बारिश से नुकसान ही नुकसान है। क्योकी तैयार सब्जी को बाजार तक पहुंचने में कठिनाई तो हो ही रही है। और जो खेत मे सब्जी या फसल बचा हुआ है.वह भी खराब हो जायेगा। वही मौसम खराब होने के कारण लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जन जीवन का सभी काम ठप सा हो गया है।

## मिशन कर्मयोगी के तहत सीएससी संचालकों का प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले के सभी प्रखंडों के सीएससी संचालकों को जिला कृषि कार्यालय सिमडेगा की सभागार में कुल चार बैच में प्रखंड वार मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बीते बुधवार को जिले के पांच प्रखंडों सिमडेगा, केरसई, कुरडेग, बोलबा तथा पाकरटांड के सीएससी संचालकों को तथा गुरुवार को अन्य पांच प्रखंडों बांसजोर, जलडेगा, कोलेबिरा, ठेठईटांगर एवं बानो के सीएससी संचालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सरकारी सेवाओं को आम जनों तक सीएससी संचालकों के माध्यम से पूरे सेवा भाव के साथ प्रदान करने संबंधी कुल पांच मॉड्यूल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में उन्हें उन्नत लोक व्यवहार के गुर सिखाए गए साथ ही तकनीकी कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित सीएससी संचालकों को कैस स्टोरी चर्चा के माध्यम से यह बताया गया कि कैसे आम जनों तक सरकारी सेवाओं को सुगमता से पहुंचा जा सकता है। एक सफल उद्यमी के रूप में क्षेत्र में सेवा देने हेतु कैसी सेवा भावना होनी चाहिए ताकि लंबी अवधि तक आम जनों का विश्वास सेवा प्रदाता पर बना रहे एवं अपने विश्वास के मीटर को बढ़ाने के भी उपाय बताए गए कि किन-किन तरीकों से आम नागरिकों के बीच ट्रस्टों मीटर को सीएससी संचालक बढ़ा सकते हैं एवं उन्हें सहजता का अनुभव करते हुए सरकारी सेवाओं का लाभ दिला सकते हैं। प्रशिक्षण दो बैच में कराया गया जिसमें एक बैच के मास्टर ट्रेनर के रूप में स्टेट टीम सीएससी से एसपीएम मो0 वसीम इमाम एवं जावेद अख्तर तथा दूसरे टीम में मास्टर ट्रेनर रवि कुमार एवं निखिल रंजन ने प्रशिक्षण दिया। मौके पर सीएससी जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा के साथ जिले के सभी प्रखंडों से सीएससी संचालक उपस्थित थे।

## जिला के तीन पंचायतों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज जिला के तीन प्रखण्डों के पंचायतों में आयोजित हुआ। इसमें किस्को प्रखण्ड का खरकी पंचायत,सदर प्रखण्ड लोहरदगा का बाघा पंचायत और भण्डरा प्रखण्ड का मसमानों पंचायत शामिल है। बारिश के बावजूद लोगों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे जिसमें लोगों की ओर से आवेदन जमा किये गये। खरकी पंचायत में कार्यक्रम की शुरूआत प्रखण्ड प्रमुख सुचित्रा भगत व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, कंबल वितरण योजना,जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र,मक्का बीज वितरण,सोना सोबरन धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि व जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पूर्वी सिंहभूम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम जिसमें माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए, कार्यक्रम का लाईव एलईडी टीवी पर दिखाया गया। इस कार्यक्रम को ग्रामीणों ने देखा व सुना।

## एनोस एक्का ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मंत्री एनोस एक्का को ग्रामीणों ने सुनाई समस्या कोलेबिरा झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने अघरमा पंचायत स्थित शैलीपुर गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणो के आमंत्रण पर पूर्व मंत्री गांव पहुंचे थे। गांव में ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को गांव की समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अबतक बिजली का कनेक्शन नहीं आया है। ना बिजली के खंभे लगे है और न ही बिजली के तार खींचे गए है। उन्होंने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। साथ ही साथ अन्य परेशानी भी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि जल्द ही गांव में बिजली सुविधा बहाल करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि झापा के द्वारा समस्या को दूर किया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि गांवों की हर समस्या को दूर करने के लिए झापा प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार बनी है क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जनप्रतिनिधि तो जनता के समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। मौके पर जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, ओलिवर लकड़ा, अभय विश्वकर्मा, सतेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के भीठा और बड़ागाई पंचायत में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया टेले उरांव, कईली उरांव ने दीप जलाकर किया। इस दौरान एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर भीठा पंचायत मुखिया टेले उरांव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। उज्जवला योजना के अंतर्गत भीठा व बड़ागाई पंचायत में पहलु गैस वितरक एजेंसी द्वारा कई लाभुकों को गैस का चूल्हा का वितरण किया गया। दोनों पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम लाभार्थियों को अच्छदन के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना के लिए देश के 70 जिला में चल रहा है। जिसमे लोहरदगा जिला भी है। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम सभी पंचायतो मे आयोजित की जाएगी।

## अंचलाधिकारी ने वन अधिकार समिति के साथ बैठक कर दावा पेश करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जंगल से जुड़े गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव के साथ बैठक आयोजित किया गया। वही आयोजित बैठक में सीओ राकेश कुमार तिवारी ने अंचल क्षेत्र के सभी गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव को निर्देश देते हुए कहा की आप सभी अपने गांव में जो भी व्यक्ति 2005 से पूर्व जंगल में कब्जा कर किसी प्रकार का खेती बारी कर रहै हैं घर या झोपड़ी बना कर उस पर आश्रित हैं तो वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर उसे व्यक्तिगत दावा करने के लिए प्रेरित करे तथा उसे दावा पत्र भरने में सहयोग करें। साथ ही कहा की प्रखण्ड सह अंचल क्षेत्र में प्रदान संस्था पहले से ही इसको लेकर काम कर रही है। जिसे आप सभी लोग उनसे भी सहयोग ले सकते हैं। साथ ही अध्यक्ष व सचिव को वन अधिकार दावा प्रपत्र जल्द प्रस्तुत करने का अंचलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदान संस्था के जिला कॉर्डिनेटर सोनू खान, प्रखण्ड वनसाथी गोपाल उरांव के अलावे रामप्रकाश तिग्गा, नेजावत अंसारी, दिपेश्वर भगत, देवठान उरांव, जयमांगल उरांव, करमी देवी, जलेश्वर उरांव, इग्नासुश टोपो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में छात्र छात्रओं का शारीरिक स्वास्थ्य जांच किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा के चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार, विद्यालय की सहायक चिकित्सक अनिता लकड़ा और थाईरो केयर के आशीष कुमार द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं का ब्लड सैम्पल के माध्यम से शाररिक स्वास्थ्य जाँच किया गया। वही विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम परिवर्तन होने के कारण बच्चो को मलेरिया, टाइफाइड, चेचक, खाँसी सर्दी, बुखार जैसे बीमारी से बचाव के लिये तथा मौसम बदलने से होने वाले अन्य बीमारीयों से भी बचाव के लिये समय समय पर विद्यालय में स्वास्थ्य जाँच कैम्प का आयोजन कराया जाता है। जिसे विद्यालय अध्ययनरत छात्र छात्राएँ स्वस्थ्य और निरोग रहें। मौके पर सुनील कुमार, अवधेश कुमार, बी पंडा, मंसूर अंसारी, सावित्री मिंज, ए नागलेट सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

## संगठन महामंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में मिल कर मध्य प्रदेश राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ तीनों राज्य में भाजपा के प्रचंड जीत पर बधाई दी एवं सिमडेगा भारतीय जनता पार्टी संगठन में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आपके एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में भाजपा जिला संगठन लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर कृत संकल्प है और इसके लिए संगठन को धारदार बनाया जा रहा है। कर्मवीर सिंह ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा की जनता इस भ्रष्टाचारी सरकार से त्रस्त हो चुकी है सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए जुट जाएं एवं केंद्र सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें साथ ही केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जो चल रही है उसे आम जनता तक लाभ पहुंचे इस पर समन्वय बनाकर कार्य करें और राज्य सरकार की विफलताओं को लोगों के बीच पहुंचाने का कार्य करें आने वाले समय में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत से सरकार बनना तय है कार्यकर्ताओं में उत्साह है संगठन महामंत्री ने जिला अध्यक्ष को सांगठनिक कार्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए सराहना की मौके पर जिला महामंत्री दीपक पुरी एवं जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद भी मौजूद थे।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सुदर्शन भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे भंडरा आकाशी कैरो पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पेसरार प्रखंड, जिला लोहरदगा, रोड का नाम पेरतोल से शनई पथ निर्माण, वर्तमान में कार्य स्थल स्थान जोड़नी बाजारटांड के समीप हो रही सहित अन्य सभी पीएम जी एसवाई में भारी अनियमितता पर जताई नाराजगी। लोहरदगा उपायुक्त को पत्राचार के माध्यम से कहा कि जनता की शिकायतों की हो रही नजर अंदाज और संवेदक और विभाग कर रहे मनमानी। पत्राचार करते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भंडरा से कैरो भाया आकाशी पथ का निर्माण कार्य पिछले सितंबर 2022 में शुभारंभ हुआ है सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है सड़क निर्माण के नाम पर भंडरा से आकाशी तक सड़क को खोद कर आवागमन बाधित कर दिया गया है इस तरह सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता वरती जा रही है। अब तक कई सवारी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है और कई सवारी को गंभीर चोटे भी आ चुकी है। सड़क दुर्घटना में दो-तीन लोगों का अब तक मौत भी हो चुका है। जबकि यह सड़क भंडरा से आकाशी रेलवे स्टेशन जाने का मुख्य पथ है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा संवेदक को कहा गया साथ ही उपायुक्त लोहरदगा के माध्यम से भी विभाग में इसकी जानकारी दी गई लेकिन इस पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है। संवेदक को इससे कोई मतलब नहीं है।ग्रामीणों का आरोप है बहुत ही घटिया कार्य हो रहा है सड़क बन रहा है पीसीसी रोड ढलाई कार्य हो रहा है ढलाई के बाद पानी नहीं पटाया जाता है ढलाई से पहले पानी देने का कार्य होता है वह भी नहीं हो रहा है। ग्रामीण कहते हैं कि सड़क खराब बन रहा है साइड इंचार्ज कहता है जहां कंपलेन करना है करो हमें कुछ नहीं होना जिसके पास जाना है जा सकता है। इस तरह के बोल बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे। इसलिए जनहित को देखते हुए विषय को संज्ञान में लेकर ठोस कार्वाई करते हुए, यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर आवागमन सुचारू किया जाए।

## क्षत्रिय समाज ने करणी सेना अध्यक्ष की हत्या के विरोध में निकाला मशाल जुलूस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में गुरूवार को लोहरदगा में क्षत्रिय समाज ने मशाल जुलूस निकाला। वारदात में शामिल सभी अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा ए मौत की मांग की गई। मशाल जुलूस की शुरूआत मैना बागीचा लोहरदगा से हुई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने की। सत्यजीत ने कहा कि सुखदेव सिंह की हत्या राजपूत समाज के लिए बड़ी क्षति है। क्षत्रिय समाज एकजुट होकर न्याय के लिए संघर्ष करेगा। समाज के लोगों को हर तरह के मतभेद भुलकर एकजुट रहने की जरूरत है, ताकि समाज के सामने खड़ी चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके। इसके पूर्व महासभा की बैठक में समाज को सशक्त बनाने और समन्वय बेहतर करने पर चर्चा हुई। करणी सेना के दिवंगत अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मनोज सिंह, कन्हाई सिंह, पप्पू सिंह, विजय सिंह, मदन सिंह, अमित सिंह, उमेश सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण सिंह, जयंत कुमार सिंह, अजय चौहान, धीरज सिंह, अशोक सिंह, अमित सिंह, संजय शाहदेव, सूरज सिंह, दिनेश सिंह,जानदार सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के युवा मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय मध्यान भोजन अनुश्रवण समिति की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति और जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम मध्याह्न भोजन से संबंधित बैठक में सेंट्रलाइज्ड किचन से विद्यालय के बच्चों को मध्याह्न भोजन की आपूर्ति के लिए संबंधित विद्यालय के बच्चों का फीडबैक के लिए कमिटी गठित करने और तत्पश्चात आगे की कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। स्थापना समिति (शिक्षा) की बैठक में ग्रेड-3 और ग्रेड-5 के शिक्षकों की समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित चर्चा हुई और आवश्यक निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। आज की बैठक में अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सबके राम तो क्यों कोहराम?

**साहिर खान**

**धनबाद :** कहते हैं अयोध्या में राम जन्मे, वहीं खेले-कूदे, बड़े हुए, बनवास भेजे गए, लौट कर आए तो वहां राज भी किया। उनकी जिंदगी के हर पल को याद करने के लिए एक मंदिर बनाया गया। जहां खेले, वहां गुलेला मंदिर है। जहां पढ़ाई की वहां वशिष्ठ मंदिर है। जहां बैठकर राज किया वहां मंदिर है। जहां खाना खाया वहां सीता रसोई है। जहां भरत रहे वहां मंदिर है। हनुमान मंदिर भी है। कोप भवन है। सुमित्रा मंदिर और दशरथ भवन है। ऐसे बीसियों मंदिर हैं। और इन सबकी उम्र 400-500 साल है। यानी ये मंदिर तब बने जब हिंदुस्तान पर मुगल या मुसलमानों का राज रहा। अजीब है ना ! कैसे बनने दिए होंगे मुसलमानों ने ये मंदिर ? उन्हें तो मंदिर तोड़ने के लिए याद किया जाता है। उनके रहते एक पूरा शहर मंदिरों में तब्दील होता रहा और उन्होंने कुछ नहीं किया ? कैसे अताताई थे वे जो मंदिरों के लिए जमीन दे रहे थे। शायद वे लोग झूठे होंगे जो बताते हैं कि जहां गुलेला मंदिर बनना था उसके लिए जमीन मुसलमान शासकों ने ही दी। दिगंबर अखाड़े में रखा वह दस्तावेज भी गलत ही होगा जिसमें लिखा है कि मुसलमान राजाओं ने मंदिरों के बनाने के लिए 500 बीघा जमीन दी। निर्मोही अखाड़े के लिए नवाब सिराजुदौला के जमीन देने की बात भी सच नहीं ही होगी। सच तो बस बाबर है और उसकी बनवाई बाबरी मस्जिद। अब तो तुलसी भी गलत लगने लगे हैं, जो 1528 के आसपास ही जन्मे थे। लोग कहते हैं कि 1528 में ही बाबर ने राम मंदिर तोड़कर बाबरी मस्जिद बनवाई। तुलसी ने तो देखा या सुना होगा उस बात को। बाबर राम के जन्म स्थल को तोड़ रहा था और तुलसी लिख रहे थे -- ÷मांग के खाइबो मसीत में सोइबो।÷ और फिर उन्होंने राम चरित मानस लिख डाली। राम मंदिर के टूटने का और बाबरी मस्जिद बनने का क्या तुलसी को जरा भी अफसोस नहीं रहा होगा ? तब उन्होंने कहीं लिखा क्यों नहीं? अयोध्या में सच और झूठ अपने मायने खो चुके हैं। मुसलमान पांच पीढ़ी से वहां फूलों की खेती कर रहे हैं। उनके फूल सब मंदिरों पर, उनमें बसे देवताओं पर, राम पर चढ़ते रहे। मुसलमान वहां खड़ाऊं बनाने के पेशे में जाने कब से हैं। ऋषि मुनि, संन्यासी, राम भक्त सब मुसलमानों की बनाई खड़ाऊं पहनते रहे। सुंदर भवन मंदिर का सारा प्रबंध चार दशक तक एक मुसलमान के हाथों में रहा। 1949 में इसकी कमान संभालने वाले मुन्नू मियां 23 दिसंबर 1992 तक इसके मैनेजर रहे। जब कभी लोग कम होते और आरती के वक्त मुन्नू मियां खुद खड़ताल बजाने खड़े हो जाते तब क्या वह सोचते होंगे कि अयोध्या का सच क्या है और झूठ क्या? अग्रवालों के बनवाए एक मंदिर की हर ईंट पर 786 लिखा है। उसके लिए सारी ईंटें राजा हुसैन अली खां ने दीं। किसे सच मानें? क्या मंदिर बनवाने वाले वे अग्रवाल सनकी थे या दीवाने थे ? या वो हुसैन अली खां जो मंदिर के लिए ईंटें दे रहे थे ? इस मंदिर में दुआ के लिए उठने वाले हाथ हिंदू या मुसलमान किसके हों, पहचाना ही नहीं जाता, सब आते हैं । एक नंबर 786 ने इस मंदिर को सबका बना दिया। क्या बस 6 दिसंबर 1992 ही सच है ! जाने कौन ? 6 दिसंबर 1992 के बाद सरकार ने अयोध्या के ज्यादातर मंदिरों को अधिग्रहण में ले लिया। वहां ताले पड़ गए। आरती बंद हो गई। लोगों का आना जाना बंद हो गया। बंद दरवाजों के पीछे बैठे देवी देवता क्या कोसते होंगे ? कभी उन्हें जो एक गुंबद पर चढ़कर राम को छू लेने की कोशिश कर रहे थे ? सूने पड़े हनुमान मंदिर या सीता रसोई में उस खून की गंध नहीं आती होगी ? जो राम के नाम पर अयोध्या और भारत में बहाया गया अयोध्या, एक शहर के मसले में बदल जाने की कहानी है। अयोध्या एक तहज़ीब के मर जाने की कहानी है।

**(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# 101 कन्याओं के विदाई में रो पड़ा पूरा महफिल

## मिथिलेश ठाकुर के विकास ने बहनों की डोली सजायी : धीरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** 101 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह वर्तमान परिवेश के लिए कई संदेश दे गया। गढ़वा के दानरो नदी छठ घाट पर संपन्न हुए इस सामूहिक विवाह के विदाई की बेला में सबों की आखें नम थीं। खुशी और गम के इस बेला में मां-पिता के चेहरे पर शुकुन के पल भी दिख रहे थे। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा 6 दिसंबर को संपन्न कराए गए इस विवाह का सबों ने दिल खोलकर तारिफ की। वहीं सामूहिक विवाह के दौरान संगीत का आयोजन कार्यक्रम में चार चांद लगा रहा था। शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर शाम जयमाल कार्यक्रम के बाद सुर संग्राम सहित भोजपुरी जगत से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, सोसाइटी के सचिव की मां सुगापति देवी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्ला हक, बिहार से आए मौलाना उमर नूरानी, राजद के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहां की संस्था की यह पहल सराहनीय। विभिन्न समाजसेवी संस्थान को भी आगे आने की जरूरत है। तभी आने वाले समय में दहेज मुक्त विवाह सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दहेज के लिए बेटी मारी जा रही है। गर्भ में भ्रूण हत्या करायी जा रही है। लोग इससे परहेज करें नहीं तो आने वाले समय में बेटी को खोजने के लिए विवाह करने के लिए अपने देश से दूसरे देश में भी जाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कामना करते हैं कि आने वाले समय में इससे भी बेहतर और इससे भी ज्यादा कन्याओं का संस्था के द्वारा शादी करायी जाए। मैं सदैव तन मन धन से समर्पित रहूंगा। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि गढ़वा की जनता ने मिथिलेश को चुना, मिथिलेश ने विकास को चुना और विकास ने एक साथ 101 सीता जैसी बहनों की शादी करा यज्ञ से भी बढ़कर सफल कार्य है। यह गढ़वा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। आज तक गढ़वा के इस सरजमीं पर किसी भी संस्था के द्वारा ऐसा अयोजन नहीं किया गया है। आनेवाले समय में ऐसे आयोजन वर्ष में एक नही प्रत्येक महीना हो। हम सभी उनके साथ है। उन्होने संस्था के सचिव के मां का पांव पुजाई भी किया। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना गौरव की बात है। संस्था हमेशा इस तरह का कार्यक्रम करें झामुमो का पूरा परिवार तन मन धन से सहयोग करेगा। मौके पर डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि आज के इस युग में बेटी को लोग बोझ समझ रहे हैं। ऐसा कभी नहीं समझे। आपकी बेटी के पढ़ाई से लेकर विवाह तक का खर्च कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी उठाएगा। बिहार से आए उमर नूरानी ने कहा कि लोग कसम खा ले की बेटी के विवाह करने और बहू लाने के लिए मैं एक रुपए का भी दहेज नहीं दूंगा ना लुगा। यह सबसे बड़ा अभिशाप है। 101 कन्याओं के विवाह संपन्न होने के बाद विदाई की बेला में उपस्थित पूरा महफिल रो पड़ा। संस्था के सचिव और कार्यकर्ताओं के द्वारा डोली में बिठाकर बहनों को विदाई किया गया।

## शहीद विष्णुदेव की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के लिधकी पूर्व में शहीद विष्णुदेव सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं फूल माला अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चैनपुर उत्तरी जिला परिषद सदस्य श्री रामलव प्रसाद चौरसिया जी ने शहीद को याद करते हुए कहा कि कम उम्र में गरीब घर का लड़का नौकरी लेकर जिस प्रकार अपना जान न्यौछावर कर दिया ये अपने आप में इतिहास बन गया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने शहीद को याद करते हुए भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का जोरदार नारा लगाया । बारिश के मौसम में भी ग्रामीणों की उपस्थिति कार्यक्रम स्थल पर बनी रही । लोगों की आंखें नम हो गई । कार्यक्रम में पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दूबे, पूर्व मुखिया धनंजय दूबे, विकास दूबे, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह, रवि पाल, बबन सिंह, मनोरंजन चौधरी, अनुज ठाकुर, जितेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, जारद हुसैन, विरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक संजीव तिवारी, मनोहर कुमार, अशोक प्रजापति सहित सैंकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित हुए।

# पर्यावरणविद कौशल ने बारातियों को पौधा देकर किया विदा

**एजेंसी**

**सोनभद्र(यूपी) :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सोनभद्र जिले के विंढमगंज रघुवर लॉज में आयोजित शादी समारोह में शामिल सभी बरातियों एवं नवदंपति को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।पलामू जिले के छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के निवासी रघुनाथ प्रसाद जायसवाल के पुत्र आलोक कुमार जायसवाल एवं विंधमगंज के महेंद्र जायसवाल के पुत्री सत्य जायसवाल की शादी विंढमगंज के रघुवर लॉज में बुधवार



को सम्पन्न हुई। पर्यावरणविद ने आशीर्वाद स्वरुप सभी बरातियों व वर-वधू को थाईलैंड प्रजाति के बराहमासी आम का पौधा देकर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुख सुविधाओं का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिव के समान वृक्ष और ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान पौधे होते हैं। जिससे धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों रक्षा होगी। पर्यावरणविद ने कहा कि पौधे पृथ्वी पर साक्षात देव है जिनकी पूजा सदियों से होते आ रहा है। समारोह में कंचन देवी, मधु देवी, पंडित शंभू मिश्रा, नंदलाल तिवारी, योगेंद्र प्रसाद,रघुवंश प्रसाद,दीनानाथ प्रसाद, गिरीश कुमा रविंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, रामजी प्रसाद, सुमित कुमार, अमन कुमार,लखन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सूरज, गोकुल राज, दीपक, प्रिंस जायसवाल, मृत्युंजय विश्वकर्मा,सयदेव प्रसाद , विजय यादव ,रजनी, रिंकी, ललिता, पिंकी, स्वीटी, लवली, गुड्डी,धर्मदेव यादव, सरोज कुमार, अजीत कुमार जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, प्राचीन जायसवाल, नंदू प्रजापति, सविता देवी,नुनी, रानी,आदि शामिल थी।

# पलामू-गढ़वा में वन्दे भारत ट्रेन को लेकर रेल मंत्री से मिले सांसद वीडी राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :**पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-राँची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने,कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हटिया-आनंद विहार



झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का परिचालन जारी रखने एवं पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एल एच एस बनाने का अनुरोध किया।श्री राम ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से इस बात की जानकरी प्राप्त हुई है कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-राँची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक अथवा टाटानगर-पुरूलिया-मुरी-गयावराणसी तक चलाने के लिए रूट का फाइनल सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद रेलवे मंत्रालय द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि किस रूट पर वन्दे भारत ट्रेन को चलाया जाय। जहाँ तक मैं समझता हूँ कि निर्णय निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर निर्भर करेगा:

1. संबंधित रूट पर यात्रियों की संख्या। 2.उस रूट पर चलने वाली ट्रेनों की संख्या एवं उनपर यात्रियों की संख्या कितनी है। 3.किन-किन रूटों से ट्रेनों का परिचालन वाराणसी के लिए होता है। सांसद ने कहा कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को यदि जपला होकर चलाया जाता है तो इस रूट पर यात्री भी मिलेगें, इस रूट पर वाराणसी के लिए गाड़ी भी कम है तथा जो गाड़ियाँ है भी पूरी तरह से भरी जाती है। इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना भी है।

## एम्स में चीन में फैले निमोनिया के मामलों की पुष्टि की खबरों का स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खंडन

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में चीन में फैले निमोनिया के मामलों की पुष्टि की खबरों का केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने खंडन करते हुए गलत बताया है। मंत्रालय ने बताया कि एक राष्ट्रीय दैनिक की हालिया मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एम्स दिल्ली ने चीन में निमोनिया के मामलों में हालिया वृद्धि से जुड़े सात मामलों की पुष्टि की गई है। यह रिपोर्ट गलत और भ्रामक जानकारी प्रदान करती है। मंत्रालय ने साफ किया कि इन सात मामलों का चीन सहित दुनिया के कुछ हिस्सों से हाल ही में बच्चों में श्वसन संक्रमण में हुई वृद्धि से कोई संबंध नहीं है। छह महीने की अवधि (अप्रैल से सितंबर 2023) में एम्स दिल्ली में चल रहे एक अध्ययन के एक भाग के रूप में सात मामलों का पता चला है और यह चिंता का कारण नहीं है।

# गोधरा में आतंकी संगठन आईएसकेपी से जुड़े छह संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** राज्य में एक बार फिर आतंकी संगठन के स्लीपर सेल एक्टिव होने के इनपुट पर गुजरात एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने गोधरा से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। एटीएस इससे पहले सूरत और पोरबंदर से भी आतंकी गतिविधियों में संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार किया था। गोधरा से गिरफ्तार सभी छह संदिग्धों को अहमदाबाद लाया गया है। एटीएस के डीआईजी दीपेश भद्र के अनुसार केन्द्रीय एजेंसियों के इनपुट के आधार पर संदिग्ध आरोपितों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जानकारी के अनुसार नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और सेंट्रल आईबी के इनपुट के आधार पर गुजरात एटीएस को सूचना मिली कि इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के कई संदिग्ध गुजरात में सक्रिय हैं। इसमें पता चला कि कुछ लोग



आतंकी संगठन को मदद करने और आतंकी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय हैं। इस सूचना के मिलने पर गुजरात एटीएस ने गोधरा में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। एटीएस अधिकारी के अनुसार इनपुट मिलने के बाद सर्वेलेंस किया जा रहा था। इन सभी से पूछताछ जारी है। शीघ्र ही पूरी जानकारी स्पष्ट हो जाएगी।

**सूरत से पकड़ी गई थी संदिग्ध महिला:** इससे पूर्व जून 2023 में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधित आतंकी संगठन के साथ सम्पर्क रखने वाली एक महिला को गुजरात एटीएस ने सूरत के लालगेट क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। इसके बाद इसे पोरबंदर ले जाया गया था। महिला पर आईएसकेपी के साथ संबंध होने का आरोप है। महिला का परिवार भरुच निवासी है, जबकि उसकी शादी तमिलनाडु में हुई थी। महिला के पास से आईएसकेपी का रेडिकल प्रकाशन भी बरामद हुआ था। इस महिला का नाम पोरबंदर से पकड़े गए तीन आतंकियों से पूछताछ में पता चला था।

# एफबीआई निदेशक की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच सुरक्षा विचार-विमर्श का हिस्सा : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत ने क्रिस्टोफर की भारत यात्रा की पुष्टि की थी। अमेरिका की ओर से दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रची गई है जिसमें एक भारतीय अधिकारी को सह अभियुक्त बनाया गया है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे की अगले सप्ताह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच सुरक्षा विचार-विमर्श का हिस्सा है। नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत ने क्रिस्टोफर की भारत यात्रा की पुष्टि की थी। अमेरिका की ओर से दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रची गई है जिसमें एक भारतीय अधिकारी को सह अभियुक्त बनाया गया है। केंद्र ने आज गुरपतवंत सिंह पन्नू की 13 दिसंबर या उससे पहले संसद पर हमला करने की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह ऐसी धमकियों को ज्यादा महत्व नहीं देना चाहते हैं, लेकिन इस मामले को संबंधित अधिकारियों ने उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि वे मामले को तूल नहीं देना चाहते हैं। ऐसे चरमपंथी धमकियां देते हैं और बहुत अधिक कवरेज प्राप्त करते हैं। हमने इस मामले को अमेरिकी और कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। चरमपंथियों और आतंकियों की प्रवृत्ति होती है कि वे किसी मुद्दे पर मीडिया कवरेज चाहते हैं। बागची ने कहा कि पन्नू कानून के उल्लंघन के लिए हमारी एजेंसियों द्वारा वांछित है और एक प्रक्रिया है जिसके तहत हम सहायता मांगते हैं और उन पर मुकदमा चलाया जाता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि अपराध किया गया है या नहीं।

## कतर में मौत की सजा पाए पूर्व नौसेनिकों से भारतीय राजदूत ने की मुलाकात

**नई दिल्ली :** भारतीय राजदूत ने कतर में मौत की सजा पाए 8 पूर्व नौसेनिकों से 03 दिसंबर को मुलाकात की। भारत सरकार पूरे मामले पर बारीकी से नजर रख रही है और उन्हें सभी कानूनी एवं राजनयिक सहायता प्रदान कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बताया कि आठ भारतीयों के खिलाफ मामले में दो सुनवाई हो चुकी है और मौत की सजा के खिलाफ अपील पहले ही दायर की जा चुकी है। मामला संवेदनशील है। हम हर संभव प्रयास कर रहें हैं। मामले में साझा करने के लिए जो भी होगा उसे बताया जाएगा। पूर्व नौसेनिकों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और सभी कानूनी विकल्प तलाशने की प्रतिबद्धता दर्शाई थी।

# यह दशक देश में डिजिटल और टेक्नोलॉजी क्रांति का : केंद्रीय राज्यमंत्री चन्द्रशेखर

**एजेंसी**

**गांधीनगर:** केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि आजादी के बाद भारत के इतिहास का सबसे स्वर्णिम और ऐतिहासिक समय अभी चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को विशेष महत्व दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2014 के बाद से देश में इन्वेस्टमेंट इकोसिस्टम और डिजिटल इकोसिस्टम लगातार प्रगति कर रहा है। एक समय में कंज्यूमर के रूप में जाना जाने वाला भारत पिछले नौ वर्ष में प्रोड्यूसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को गांधीनगर के एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने उद्घाटन किया। राज्य के शिक्षा विभाग की ओर से वाइब्रेंट गुजरात




ग्लोबल समिट-2024 के प्री-इवेंट के रूप में इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव -2023 का आयोजित किया है। केन्द्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। यह दशक देश में डिजिटल और टेक्नोलॉजी क्रांति का दशक है। वर्ष 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी का पांचवां हिस्सा होगी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के टैलेंट पूल के सामर्थ्य को प्रोत्साहन देकर विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप इनोवेशन-नवाचार को प्राथमिकता दी है। यह कॉन्क्लेव गुजरात को देश और विदेश से जोड़ने वाले एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के इवेंट के रूप में स्टार्टअप निवेशकों और एंजेल नेटवर्क के विचारों और अवसरों के आदान-प्रदान के लिए एक सक्षम प्लेटफार्म के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप पॉलिसी लागू की थी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस पॉलिसी की भूमिका बताते हुए कहा कि स्टूडेंट स्टार्टअप एवं इनोवेशन पॉलिसी की सफलता के बाद एसएसआईपी 2.0 से 500 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि कैपिटल मार्किट, रियल एस्टेट के बाद अब विचारों में निवेश करने का समय है। गुजरात सरकार के प्रयासों और युवाओं की प्रतिभा के परिणामस्वरूप, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में गुजरात पिछले तीन वर्षों से समग्र देश में प्रथम स्थान पर है। मंत्री ऋषिकेश पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि जो राज्य या देश टेलेंट में निवेश कर रहे है उनका विकास निश्चित है। कार्यक्रम में गुजरात सरकार के मुख्य सचिव राजकुमार, केंद्र सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्ति किया।